CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव









## छत्तीसगढ़ विस का प्रबोधन सत्र : ओम बिड़ला ने विधायकों से कहा- जय जोहार !, बोले- ऐसे करेंगे काम तो चमकेगी विधायकी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के इस प्रबोधन कार्यक्रम में आप सभी को मेरा अभिवादन, जय जोहार। छत्तीसग? प्रदेश अपनी प्राकृतिक सम्पदा, सौंदर्य, यहां की अध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है लेकिन विविधताएं बहुत हैं,। यहां के पुरातत्व, संस्कृति, जनजातीय, लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करते हैं। छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से जीवंत कला, यहां के शिल्प, लोकगीत और नृत्य पूरे देश के लिए आकर्षण है। छत्तीसगढ़ और यहां के पुरातत्व संपत्ति को देखने के लिए देशभर और कई देशों के लोग यहां आते हैं।

उन्होंने कहा कि आप सभी का सौभाग्य है कि आपको इस विधानसभा के सदस्य होने का मौका मिला है। मैं आप सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं, बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि जनता ने जिस विश्वास और आकांक्षाओं के साथ आपको चुनकर भेजा है। आप उनके विश्वास और भरोसे को कायम रखेंगे और उनकी अपेक्षाओं को इस विधानमंडल के माध्यम से पूरा करने का प्रयास करेंगे। दो दिवसीय प्रबोधन कार्यकम हमें संसदीय परम्पराओं, नियमों, संविधान को जानने और किस तरीके से हम अपने




संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए इस विधान मंडल के माध्यम से इस राज्य में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं। इसका ज्ञान मिलेगा। दो दिन का यह प्रबोधन निश्चित रूप से हमारे जीवन में सार्थक होगा। इस विधानमंडल का सौभाग्य है कि यहां के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, जो तीन बार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहे, केंद्र में मंत्री रहे, सांसद रहे हैं, उनके लम्बे अनुभव का लाभ भी मिलेगा। ओम बि?ला ने कहा कि जो भी यहां की नियम प्रक्रिया है, उन्हें ध्यान में रखकर हमें जनता की बात रखनी है। दो दिन के इस प्रबोधन कार्यक्रम में विभिन्न विषयों और नियमों का ज्ञान होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कल केन्द्रीय गृहमंत्री शाह करेंगे सम्बोधित



प्रबोधन सत्र के दूसरे दिन 21 जनवरी को प्रथम सत्र सुबह 11 बजे शुरू होगा। इस सत्र में विधानसभा सदस्य एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर प्रश्न, प्रश्नकाल, प्रश्न से उद्भुत विषय पर व्याख्यान देंगे। द्वितीय सत्र दोपहर 12.15 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में पूर्व मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा प्रेम प्रकाश पाण्डेय आय-व्यय, अनुदान मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव, लेखा अनुदान, अनुपूरक अनुदान आदि विषयों पर व्याख्यान देंगे। तृतीय सत्र दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। इस सत्र में विधानसभा सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक विधानसभा की समितियों एवं अशासकीय कार्यों पर व्याख्यान देंगे। चतुर्थ सत्र शाम 4.15 बजे शुरू होगा। इस सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रभावी विधायक कैसे बने इस विषय पर व्याख्यान देंगे।

## राम मंदिर उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने लगाई रामेश्वरम में डुबकी, श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में की पूजा



तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। पीएम मोदी तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज रामेश्वरम में डुबकी लगाकर तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। समाचार एजेंसी के अनुसार, पीएम मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में कंब रामायण के छंदों का पाठ सुना। इस प्राचीन मंदिर की यात्रा के दौरान उन्होंने पारंपरिक तमिल पोशाक पहनी थी। बता दें कि पीएम मोदी श्री रंगनाथस्वामी मंदिर जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'अग्नितीर्थ' समुद्र तट पर पवित्र स्नान करने के बाद भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की और रुद्राक्ष-माला से जाप भी किया। पुजारियों द्वारा उन्हें पारंपरिक सम्मान दिया गया। पीएम मोदी मंदिर में आयोजित भजनों में भी हिस्सा लिया। पीएम मोदी भगवान विष्णु के मंदिर में हाथ जोड़कर प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के हाथी को खाना खिलाकर आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री को मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान विष्णु के आशीर्वाद का प्रतीक मुकुट प्रदान किया गया।

### मंदिर के मुख्य पुजारी ने जताई खुशी

मंदिर के मुख्य पुजारी सुंदर भट्टर ने पीएम के दौरे पर खुशी जताते हुए कहा, 'भारत के सभी भक्त बहुत खुश हैं कि हमारे पीएम श्रीरंगम का दौरा कर रहे हैं। भगवान रंगनाथ भी पीएम के दौरे से खुश हैं। हमारे पीएम सभी के कल्याण की परवाह करते हैं, इसलिए रंगनाथ भी खुश हैं। यह श्रीरंगम के लिए एक सौभाग्यशाली अवसर है। इससे पहले कोई भी प्रधानमंत्री श्रीरंगम नहीं आया है, हम सभी को उनकी यात्रा पर बहुत गर्व है।'

### राजभवन में लगाया रुद्राक्ष का पौधा

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के साथ राजभवन में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। बता दें कि श्रीरंगम मंदिर तमिलनाडु का एक प्राचीन वैष्णव मंदिर है और यह लगभग संगम युग का है। इस मंदिर के निर्माण में चोल, पांड्य, होयसल और विजयनगर साम्राज्य ने योगदान दिया है।

## असम की भूमि को कांग्रेस ने सालों तक आतंकवाद, विघटन, आंदोलन और हड़ताल की भूमि बना दिया था-अमित शाह



असम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस वक्त असम में हैं। उनके साथ यहां बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी मौजूद है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और जे.पी. नड्डा शामिल हुए है। दोनों ने इस कार्यक्रम को संबोधित किया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में कहा कि, असम की भूमि को कांग्रेस ने कई सालों तक आतंकवाद, विघटन, आंदोलन और हड़ताल की भूमि बना दिया था। यहां पर न विकास हो रहा था ओर ना शिक्षा हो रही थी, न ही शांति थी। आज मुझे खुशी है कि 2014 से पूरा नॉर्थ ईस्ट विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। अमित शाह ने इस दौरान कहा कि, नॉर्थ ईस्ट का विकास और भाजपा का नॉर्थ ईस्ट में विकास दोनों समांतर चल रहा है। मैं यहां विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम में आया था तब हमें हितेश्वर सैकिया (असम के पूर्व सीएम) ने बहुत मारा था... हम नारे लगाते थे असम की गलियां सूनी है इंदिरा गांधी खूनी है।

उस वक्त कल्पना नहीं थी कि भाजपा अपने बूते पर 2 बार जीतकर यहां सरकार बनाएगी वहीं, गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि, एक समय ये राज्य जो 4 देशों से घिरा हुआ था, मुसीबत में पड़ा था। देश का नेतृत्व कमजोर था। लेकिन आज यही नॉर्थ-ईस्ट, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जगदीप धनखड़ बोले- अब हम किसी के मोहताज नहीं, दुनिया ने माना भारत का लोहा, विश्व की संस्थाएं कर रहीं तारीफ

रायपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रायपुर के जोरा स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 38वें स्थापना दिवस समारोह में छात्रों से कहा कि आज के युग में देश में प्रतिभा चमकाने के इतने शुभ अवसर मिले हैं, जितने पहले कभी नहीं थे। अब भारत पूरी तरह से बदल चुका हैं। हमारी सोच बदल चुकी है। अब हम दुनिया में किसी के मोहताज नहीं हैं। हमने अपनी 5000 साल की संस्कृति को सबके सामने रख दिया है। दुनिया ने भी इसे लोहा माना है। इसे पहचान लिया है। यही वजह है कि आज का भारत विकास के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया की संस्थाएं भारत की तारीफ कर रही हैं। वो कह रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व का चमकता हुआ सितारा है। विश्व में तेजी से बढ़ती हुई हमारी अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने कहा कि पहले हम जिन देशों को देखते थे, वो वह हमारे सपने में भी आते थे। कनाडा, यूके, फ्रांस, जर्मनी और जापान को देखकर हम सोचते थे कि क्या ऐसी व्यवस्था



हमारे भारत में भी होगी पर आज यह जमीनी हकीकत है। इस सफलता में हम सब का प्रयास है। सबकी सहभागिता है। हम विश्व के तेजी से उभरते लीडर रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भारत के लिए सम्मान का विषय है।

एक साल में अमेरिका, यूके, फ्रांस और जर्मनी में जितने डिजिटल ट्रांजेक्शन होते हैं, जबकि हमारे भारत में तीन-चार गुना होते हैं। यह हमारे देश की उपलब्धि है। भारत के युवा शक्ति का कोई मुकाबला नहीं है। ये हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें भारतीय होने में गर्व है। हारने के डर से आप कोशिश नहीं करेंगे तो आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे। उसमें आपका फायदा कम नुकसान ज्यादा है। कृषि के क्षेत्र में इसकी ज्यादा आवश्यकता है। छात्रों से कहा कि भारत सरकार की जितनी नीतियां हैं, सहकारिता विभाग में क्या-क्या हुआ है ? उनमें से आप कुछ कर सकें तो बदलाव का केंद्र बनेंगे। गांव में क्रांति आएगी।

### 'जब प्रोफेसर कुरियन से कहा गया कि भारतीयों से भी सीखें'

उन्होंने एक वाकया को बताते हुए कहा क जब वो 1989 में लोकसभा के सदस्य और केंद्र में मंत्री बने, उस समय अमूल का बहुत बड़ा नाम था और आज भी है। उस दौरान फेमस वैज्ञानिक प्रोफेसर कुरियन को बुलाया गया था। उस दौर में लोकसभा के चार सदस्य थे, जिनसे उनका साक्षात्कार होना था। उस समय वहां के प्रधानमंत्री ने कुरियन से कहा कि तुम बहुत बड़े वैज्ञानिक हो, लेकिन उन्होंने (भारतीयों) तो जन्म ही गांव में लिया है। इनका पांव गोबर में रहा है। इन्होंने गाय और भैंस के थान देखे हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायकों पर भाजपा का दांव, रायपुर में संदीप तो बिलासपुर में



रायपुर। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भाजपा ने अपने नेताओं के बीच जिम्मेदारियां बांटी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के बेटे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह समेत कई पुराने नेताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा वार प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव ने आदेश जारी किया है। रायपुर में संदीप शर्मा, बिलासपुर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, कांकेर में अभिषेक सिंह को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

लोकसभा क्षेत्र रायपुर में भाजपा नेता संदीप शर्मा को प्रभारी, अशोक बजाज को संयोजक, विधायक पुरंदर मिश्रा और गुरु खुशवंत सिंह को सह संयोजक बनाया गया है। वहीं लोकसभा क्षेत्र कोरबा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को प्रभारी, पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े को संयोजक और मनोज शर्मा को सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र सरगुजा में भाजपा नेता लखनलाल साहू को प्रभारी, चम्पादेवी पावले को उप प्रभारी, कमलभान सिंह मरावी को संयोजक और अखिलेश सोनी को सह संयोजक बनाया गया है।

### बिलासपुर में भाजपा नेता डॉ. सियाराम साहू होंगे प्रभारी

लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर में भाजपा नेता डॉ. सियाराम साहू प्रभारी, विधायक धर्मजीत सिंह संयोजक और पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी सह संयोजक बनाए गए हैं। वहीं लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ में भाजपा नेता व विधायक प्रबोध मिंज को प्रभारी, विधायक गोमती साय को संयोजक और विजय अग्रवाल को सह संयोजक बनाया गया है। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा में भाजपा नेता गौरीशंकर अग्रवाल को प्रभारी, गुरुपाल सिंह भल्ला को उप प्रभारी, कृष्णकांत चंद्रा को संयोजक और डा.खिलावन साहू व डॉ. दिनेश लाल जांगड़े को सह संयोजक बनाया गया है।

### राजनांदगांव में नारायण चंदेल, मधुसूदन यादव को जिम्मेदारी

लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को प्रभारी, राजीव अग्रवाल को उप प्रभारी, मधुसूदन यादव को संयोजक और नीलू शर्मा व दिनेश गांधी को सह संयोजक बनाया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत सदन के चलने में-धनखड़



रायपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद एवं विधानसभाओं में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत सदन के चलने में है। सदन में अनावश्यक व्यवधान को जनता पसंद नहीं करती है।

श्री धनखड़ ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सदन नियमों से चलता है। सभी सदस्यों को इन नियमों को मानना होता है। जनता चाहती है कि सदन में उनके मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा हो और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनकल्याणकारी निर्णय लिए जाएं। उन्होने कहा कि विपक्ष द्वारा सरकार की आलोचना रचनात्मक और समाधानपूर्ण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता के मुद्दों को टेलीस्कोप की तरह देखना चाहिए और सरकार के काम पर माइक्रोस्कोप की तरह नजर रखना चाहिए। राज्य के धन का सदुपयोग हो, यह बजट चर्चा के दौरान आप लोगों को देखना चाहिए। उन्होंने सभी विधायकों से अपील की कि छत्तीसगढ़ को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने संविधान के प्रावधानों के पालन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख हैं। सदन में कानून के निर्माण में सदस्यों की भूमिका सदैव रचनात्मक होनी चाहिए।

श्री धनखड़ ने कहा कि-विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत सदन के चलने में है।यदि किसी मुद्दे पर सदन में चर्चा के बाद उसका समाधान नहीं होता है तो वह मुद्दा सड़क पर आ जाता है।उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार को आईना दिखाती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम नीतीश का बड़ा एक्शन! शिक्षा विभाग से हटाये गए चंद्रशेखर, आलोक मेहता होंगे नए शिक्षा मंत्री; तीन मिनिस्टर के प्रभार बदले



पटना। राज्य सरकार ने नियमित रूप से अपने वक्तव्यों की वजह से विवाद में रहने वाले शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को उक्त विभाग से विदा कर दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता को शिक्षा विभाग का नया मंत्री बनाया गया है।

वहीं, चंद्रशेखर को अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण महकमा गन्ना विभाग का जिम्मा दिया गया है। रात नौ बजे के बाद मुख्य सचिव के हस्ताक्षर से शनिवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की गयी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अतिरिक्त प्रभार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री ललित यादव को दिया गया है। यह कहा जा रहा कि चंद्रशेखर को शिक्षा विभाग से विदा किए जाने को ले शुक्रवार को ही उस समय सहमति बन गयी थी जब लालू प्रसाद और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक अणे मार्ग जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट की थी।

इसे शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के साथ शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की अनबन भी माना जा रहा। अपर मुख्य सचिव केके पाठक जब छुट्टी पर गए थे तो शिक्षा मंत्री ने सार्वजनिक रूप से यह कहा था वह शिक्षा विभाग से विदा हो गए। वह काम नहीं करना चाहते थे इसी वजह से छोड़कर चले गए। यह चर्चा तेजी से फैली कि केके पाठक अब शिक्षा विभाग में वापस नहीं लौटेंगे। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने केके पाठक को बुलवाया। मुख्यमंत्री से बातचीत के अगले ही दिन के के पाठक ने शिक्षा विभाग में योगदान कर लिया। यह कहा जा रहा था कि अपर मुख्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 730 दिन में नक्सलियों को खत्म करने का प्लान 'हंटर', सीआरपीएफ की 40 कंपनी छत्तीसगढ़ रवाना



नई दिल्ली। झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के बाद अब अगला नंबर छत्तीसगढ़ का है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्लान है कि अगले 730 दिन में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो जाए। शाह के प्लान पर सुरक्षा बलों ने काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की लगभग 40 कंपनियां पहुंच रही हैं।

इस बड़े ऑपरेशन के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले हर इलाके तक सुरक्षा बलों की पहुंच होगी। पिछले दिनों में सुकमा के ऐसे इलाके, जिनकी पहचान नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर होती रही है, वहां पर सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने कैंप स्थापित कर लिया है। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने नया कैंप सुकमा बीजापुर जिले की सीमा पर दुलेड़ व मेटागुड़ा के बीच में स्थापित किया गया है। इस साल नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 44 नए सिक्योरिटी कैंप स्थापित होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह यह बात कह चुके हैं कि दो साल के भीतर देश का ऐसा कोई भी हिस्सा बचा न रहे, जहां पर नक्सलियों का प्रभाव हो। ऐसे इलाकों तक सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। यही वजह है कि इस साल नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई प्रारंभ होने जा रही है। छत्तीसगढ़ को छोड़कर देश के बाकी हिस्सों में नक्सली घटनाओं पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। झारखंड में गत वर्ष ही सुरक्षा बलों ने हर उस इलाके तक अपनी पहुंच बना ली थी, जिन्हें नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। कई इलाकों से नक्सलियों को खदेड़ कर सुरक्षा बलों ने अपने स्थायी कैंप स्थापित कर लिए थे। जहां पर भी सुरक्षा बलों का कैंप स्थापित होता है, उस इलाके में विकास के कार्य भी तुरंत रफ्तार पकड़ लेते हैं। ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आने लगता है।

हाल ही में दुलेड़ व मेटागुड़ा के बीच में सीआरपीएफ ने जो कैंप स्थापित किया है, वह इलाका नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर जाना जाता था। इस क्षेत्र में बहुत ही छोटे अंतराल के दौरान यह दूसरा कैंप स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के एसपी रवि किरण और सीआरपीएफ डीआईजी अरविंद राय ने खुद इस कैंप का दौरा किया था। सूत्रों के मुताबिक, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन असम के दुर्गा मंदिर पहुंचे राहुल गांधी, रात में युवा कांग्रेस के वाहनों पर हुआ हमला



लखीमपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के सातवें दिन की शुरुआत हो चुकी है. शनिवार को अपनी यात्रा के सातवें दिन राहुल गांधी असम के लखीमपुर स्थित पदुमनी आई थान पहुंचे जो मां दुर्गा का मंदिर है. उन्होंने मंदिर के दरवाजे पर प्रणाम किया और यात्रा के लिए आगे बढ़ गए. इस दौरान राहुल गांधी ने नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की.

### कांग्रेस का हिमंता सरकार पर हमला

इस दौरान कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि असम की भाजपा सरकार चाय बागान समुदाय और वहां रहने वाले मजदूरों की भलाई पर विचार किए बिना ही चाय बागानों को निजी मालिकों को बेच रही है. कांग्रेस ने आरोप लगाया, %सरकार ने जनजातीय बेल्ट और ब्लॉक जैसे कुछ समुदायों को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया है. इस राज्य में धार्मिक राजनीति के नाम पर लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं. यहां मानवाधिकारों का हनन हो रहा है. आज असम के लोग खुद को पूरी तरह से असुरक्षित महसूस करते हैं.
युवा कांग्रेस के वाहनों पर हमला

इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवा कांग्रेस के वाहनों पर लक्षित हमला हुआ. कांग्रेस ने कहा कि शुक्रवार रात, युवा कांग्रेस से जुड़े वाहनों में तोड़फोड़ के लिए भाजयुमो (भाजपा युवा मोर्चा) जिम्मेदार बताया. इसका एक वीडियो सामने आया है जिसमें पूरी घटना कैद है जिसमें कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर से छेड़छाड़ की जा रही है. यात्रा से पहले लखीमपुर में राहुल गांधी के कटआउट और बैनर को भी नुकसान पहुंचाया गया है. कांग्रेस पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और भाजपा से जुड़े उपद्रवियों की गिरफ्तारी की मांग करने की योजना बना रही है.

### संघ पर किया था हमला

इससे पहले 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के असम में प्रवेश करने के दूसरे दिन लखीमपुर जिले के गोगामुख में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि आरएसएस दिल्ली से पूरे देश पर शासन करने के विचार का पूर्ण समर्थन करते हैं, लेकिन राज्यों पर दिल्ली से यह (शासन) नहीं किया जाना चाहिए. राहुल ने कहा, उनकी पार्टी ऐसी किसी प्रणाली का समर्थन नहीं करती. भाजपा और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### रॉयल किड्स कान्वेंट में श्री राम मंदिर में हवन, पूजन एवं महाआरती का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदयस्थल में स्थित रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के प्रांगण में स्थित श्री राम जानकी मंदिर में अयोध्या धाम में होने वाले श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के परिपेक्ष्य में 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से भजन, हवन, पूजन एवं दोपहर 12:15 से 12:35 तक महाआरती का आयोजन रखा गया है। दर्शनलाभ हेतु आप सभी आमंत्रित है।

### जीवनदान सेवा संस्था ने दीप महोत्सव हेतु सामग्री भेंट की



राजनांदगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था द्वारा संस्कारधानी राजनांदगांव में होने वाले 5 लाख दीप महोत्सव में संस्था द्वारा 1100 दीया, 1 टीपा तेल और 10000 से ऊपर संस्था के महिला शक्ति के द्वारा निर्मित दीप प्रज्वलित करने के लिए बाती को बागेश्वर धाम मंदिर में जाकर संस्था के सदस्यों ने भेंट की एवं सभी परिवार को राम जी के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी लोगों को दीपावली मनाने की एवं इस कार्यक्रम में श्रमदान देने की अपील की।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर कल मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 22 जनवरी दिन सोमवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के श्रीरामलला के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### जितेंद्र सिंह ठाकुर का निधन



छुईखदान (दावा)। स्थानीय बरई पारा वार्ड क्रमांक 07 निवासी प्रतिष्ठित नागरिक मधुमंगल सिंह ठाकुर के ज्येष्ठ सुपुत्र और सांई टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक जितेन्द्र सिंह ठाकुर (पिंटू) का आज दोपहर हार्ट फेल हो जाने से आकस्मिक निधन हो गया, वे 43 वर्ष के थे ।

स्व. जितेंद्र सिंह ठाकुर का अंतिम संस्कार आज 21 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे बड़े तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निज निवास से निकलेगी। वे अपने पीछे माता, पिता, पत्नी और छोटे भाई रविन्द्र सिंह ठाकुर (मोंटू) का भरापूरा परिवार छोड़ गए गए हैं। वे दैनिक सबेरा संकेत के सहसंपादक वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजपूत इलेट्रिकल्स के संचालक विक्रम सिंह ठाकुर और राजपूत टेलीकाम के संचालक नरेंद्र सिंह और प्रभाकर सिंह के भतीजे थे।

### अर्जुन जंघेल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी 75 वर्षीय अर्जुन लाल जंघेल का निधन हो गया वह अपने पीछे तीन पुत्रियां एवं एक पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम पुरैना के मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं समाज के बड़ी संख्या में शामिल हुए मुक्तिधाम में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
19th Jan to 25th Jan 2024



Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm
Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm
Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# धार्मिक नगरी में डोंगरगढ़ पुलिस का शराब के विरुद्ध कोचियाओं पर कड़ी कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के हर्षोल्लास के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु लगातार आपराधिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत् आज दिनांक 19 जनवरी को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल भीमनगर आरोपी के घर के सामने डोंगरगढ़ में आरोपी रवि शेण्डे पिता स्व. धनीराम शेण्डे उम्र 27 साल निवासी भीमनगर वार्ड नं. 09 कालकापारा डोंगरगढ़ के कब्जे से 96 पौवा गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमत 11520 रूपये। इसी प्रकार घर के सामने डोंगरगढ़ में आरोपी सचिन जम्बुलकर पिता स्व. बालाराम जम्बुलकर उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं. 02 दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ के कब्जे से 70 पौवा देशी प्लेन शराब, कीमत 5600 रूपये एवं आरोपी चंद्रेश घोघरे पिता नारायण प्रसाद घोघरे उम्र 19 साल निवासी देवकट्टा थाना ब्रम्हानंद के कब्जे से 10 बाटल गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब, मात्रा 7500 बल्क लीटर, कीमत 4000 रूपये जप्त किये। खैरागढ़ रोड

**4 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत् किया गिरफ्तार**

कक्कड़ पेट्रोल पंप डोंगरगढ़ के सामने आरोपी आकाश कोचे पिता किशोर कोचे उम्र 19 साल निवासी दंतेश्वरीपारा वार्ड नं 02 डोंगरगढ़ के कब्जे से 04 बॉटल गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब, मात्रा 3.000 बल्क लीटर, कीमत 1600 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

इस प्रकार चारों आरोपियों के कब्जे से कुल 96 पौवा, 14 बाटल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब एवं 70 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 22,720 रूपये जप्त कर किया है। तीन आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं एक आरोपी का कृत्य धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध सबूत पाये जाने से पृथक-पृथक कार्यवाही किया गया है। तीन आरोपियों का ज्यु. रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहॉं से जेल वारंट प्राप्त होने पर उपजेल डोंगरगढ़ में दाखिल किया गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र के निवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग पुलिस को प्राप्त हुआ एवं थाना डोंगरगढ़ पुलिस के उक्त कार्यवाही को लोगो के द्वारा सराहा गया। क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु आपराधिक तत्वों के विरूध्द लगातार कानूनी कार्यवाही किया जा रहा है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक भरत बरेठ, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, प्रधान आरक्षक महादेव साहू, अजीत टोप्पो, प्रदीप प्रसाद, आरक्षक गजेन्द्र भारद्वाज, अरूण मनहर, मिलकन वाल्टर, चमन साहू, खुबसिंह ठाकुर, बिरंची टण्डन, महिला आरक्षक श्रद्धा बाघमारे, सुषमा मराठे एवं थाना स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही।

## राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के उद्घाटन में सांसद पाडे एवं नीलू रहे उपस्थित



राजनांदगॉव (दावा)। संस्कारधानी में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का उद्घाटन आज दिनांक 20 जनवरी को स्थानीय वेसलियन स्कूल सभागृह में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने की। आयोजन समिति जिला कराते संघ राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ डू एसोसिएशन की तरफ से वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं जिला कराते संघ राजनांदगॉव के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, छत्तीसगढ़ पुलिस के अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं कोच अंबर सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव कराते संघ के सदस्य दुर्गेश त्रिवेदी, जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, पंकज झा, ईशभ सिंह, तुषार सिंह, जयदीप सिंह, वेगिता अग्रवाल, सुधा साहू, छाया चक्रधारी, टिकेश्वर साहू, करण साहू उपस्थित रहे। आयोजन में विभिन्न जिले के कराते कोच, ऑफिशियल एवं खिलाड़ी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ कराते डू फेडरेशन के पर्यवेक्षण मे आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिले के 350 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेकर कराते की काता एवं कुमिते विधा में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आज के आयोजन के विजेता प्रतिभागियों को आमंत्रित अतिथिगण ने आकर्षक पुरस्कार, पदक एवं ट्राफी से सम्मानित किया।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत शहर के धार्मिक स्थलों में निगम का स्वच्छता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। 20 जनवरी केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा स्वच्छ तीर्थ अभियन के तहत निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों व मंदिरों में 14 से 22 जनवरी तक निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत जन सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के देखरेख में स्वास्थ्य कर्मी शहर के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के परिसर में सफाई अभियान चलाकर प्रतिदिन साफ सफाई किया जा रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव शहर में साफ सफाई के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के धार्मिक स्थलों व मंदिरों के परिसर की 14 जनवरी से सफाई अभियान चलाकर विशेष साफ सफाई किया जा रहा है, उक्त अभियान 22 जनवरी तक चलाया जायेगा। अभियान में जन भागीदारी से मंदिरों के आसपास श्रमदान कर साफ सफाई किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान की कडी में सोनारपारा शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, संतोषी मंदिर, बालाजी मंदिर, राम दरबार मंदिर, बागेश्वर मंदिर, महावीर चौक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर, बी.एन.सी.मिल राम मंदिर, ठा.प्यारेलाल चौक हनुमान मंदिर, शनिमंदिर, मानव मंदिर व गांधी चौक हनुमान मंदिर, माँ पाताल भैरवी मंदिर, शारदा मंदिर, फिरंतीन मंदिर, बसंतपुर हनुमान मंदिर के अलावा शहर में स्थित अन्य मंदिरों में 14 जनवरी से स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कर, कटिली झाड़ियाँ काटकर, दवा का छिडकाव कर चूना लाईन डाला जा रहा है। धार्मिक स्थलों मंदिरो में 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

## घुमका पुलिस ने गुम बालिका को दुर्ग से किया बरामद




राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र से गुम हुई एक बालिका को चंद घंटे अंदर दुर्ग से बरामद किया है। बताया गया कि प्रार्थी की 16 वर्षीय नाबालिक बालिका के दिनांक 18 जनवरी के दोपहर गुम होने के संबंध में प्रार्थी पिता के द्वारा दिनांक 19 जनवरी को थाना घुमका उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर थाना घुमका में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 11/24 धारा 363 भादंवि पंजीबद्ध किया।

प्रकरण नाबालिक बालिका से सम्बंधित होने के कारण प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिले में पुलिस विभाग द्वारा गुम बालक बालिकाओं के बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका से पुलिस टीम गठित करके आसपास के संभावित क्षेत्रों राजनांदगाव, दुर्ग-भिलाई रेलवे स्टेशन बस स्टैंड होटल ढाबा लाज आदि में लगातार पतासाजी किया जा रहा था। पतासाजी के दौरान सभी स्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज का अवलोकन किया गया जिसके आधार पर गुम बालिका का लोकेशन दिनांक 18 जनवरी को दुर्ग बस स्टैंड व दिनांक 19 जनवरी को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर देखा गया था जिसके आधार पर घुमका पुलिस टीम बालिका के परिजन को लेकर दिनांक 19 की शाम को दुर्ग रेलवे स्टेशन जाकर पतासाजी करने पर बालिका के दुर्ग स्टेशन से रायपुर तरफ जाना तथा पुनः वापस दिनांक 19 के शाम को ही दुर्ग स्टेशन आने का पता चला। जिस पर पुलिस टीम द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास के सभी क्षेत्रों में मिले लोगों को बालिका का फोटो हुलिया आदि दिखाकर पता किये तो पता चला कि बालिका चिखली खामरियाभाठा के पास देखी गई है। फिर पुलिस टीम व बालिका के परिजन रात्रि में ही चिखली खमरियाभाट्ठा जाकर एक महिला के पास से गुम बालिका को मौके पर बरामद किया गया।

बालिका ने पुलिस बयान में बताया कि 18 जनवरी को दोपहर अपने परिजनों से नाराज होकर घर से बिना बताये निकली थी व अपना नाम पता गलत बताकर चिखली खमरियाभाता कि उक्त महिला के पास रुकी थी उसके साथ कोई अपराध घटित नहीं हुआ है। इस तरह घुमका पुलिस की त्वरित कार्यवाही व सक्रियता से एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन के आसपास काम करने वाले सहयोगी लोगों की मदद से घुमका पुलिस टीम के द्वारा सूचना मिलने के 6 घंटे के भीतर ही गुम बालिका को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से निरीक्षक विनय पम्मार, प्रधान आरक्षक टीकाराम पटेल, आरक्षक गौतम सिंह बारगाह, अशोक यादव, महिला आरक्षक राज मरकाम एवं साइबर सेल राजनांदगाव से आरक्षक हेमंत साहू का सराहनीय कार्य रहा।

## मेला मंडई में बन रही विवाद की स्थिति, चाकूबाजी सहित मारपीट का बन रहा माहौल

राजनांदगांव(दावा)। निकटस्थ ग्राम भर्रेगांव में मंडई के दिन जहां शहर के स्टेट स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने अपने साथी पर धारदार हाथियार से हमला कर उसे बूरी तरह जख्मी कर दिया। वही ग्राम राका के मंडई में चार युवकों के बीच हुए विवाद के चलते एक युवक की बेदम पिटाई कर दी गई।

भर्रेगांव मंडई के दौरान अपने साथियों के हमले से बूरी तरह जख्मी हुए 18 वर्षीय हुलेश चन्द्राकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। वही डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम राका में हुई मंडई के दौरान मारपीट की घटना में प्रार्थी महेन्द्र सिन्हा पिता प्रबल सिन्हा को चोटे आई है। बताया जाता है कि मंडई में शाम साढ़े 7 बजे गांव के राहुल, चमन, कृपा मंडावी व गोलू नामक युवक उनके पास पहुंचा और गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस पर उसने अपने बड़े भाई दीनदयाल को घटना के सम्बंध में अवगत कराया जब वह बीच-बचाव करने गया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 एवं 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में ले लिया है। इसी तरह भर्रेगांव वाले मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर भर्रेगांव मर्डर केस में नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह स्टेट स्कूल से लगे खैरागढ़ ओवर ब्रिज के समीप चार-पांच युवक एक अन्य युवक से मारपीट करने लगे। इससे एक युवक लहुलुहान हो गया। लोग उसे बचाने के लिए दौड़े तब तक धारदार हथियार से उक्त युवक पर हमला करने वाले युवक फरार हो गए। पुलिस इसकी जानकारी ले रही है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

490-3 160-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -**सम्पादक**

## फ्रेंक ब्रदर्स एवं दुर्ग के मध्य होगा खिताबी मुकाबला

**मॉर्निंग इलेवन के तत्वाधान मे आयोजित 7ए साईट फुटबॉल प्रतियोगिता**



राजनांदगांव (दावा)। स्व. ओमप्रकाश सिन्हा एवं निर्मला देवी ज्ञानचंदानी की स्मृति में मॉर्निंग 11 के तत्वाधान में आयोजित 7ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को दोपहर 3:00 बजे से फाइनल मैच खेला जाएगा, जो की दुर्ग बॉयज विरुद्ध फ्रैंक ब्रदर्स के मध्य होगा। इसी क्रम में आज प्रतियोगिता के पांचवे दिन कुल चार मैच खेले गए, जो दो क्वार्टर फाइनल एवं दो सेमीफाइनल रहे। जिसमें पहला मैच तिरोड़ी विरुद्ध गायत्री स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें तिरोड़ी की टीम 2-1 से विजयी रही। दिन का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच फ्रैंक ब्रदर्स विरुद्ध कुरूद के मध्य खेला गया जिसमें फ्रैंक ब्रदर्स की टीम पांच के मुकाबले शून्य गोल से विजय रही।

तत्पश्चात शनिवार को ही दो सेमीफाइनल मैच खेले गए जिसमें पहला मैच तिरोड़ी विरुद्ध दुर्ग बॉयज के मध्य खेला गया, जिसमें दुर्ग बॉयस ने 1-0 से विजय प्राप्त कर प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। इसके पश्चात शाम 4:00 बजे प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच जो की फ्रैंक ब्रदर्स विरुद्ध रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें फ्रैंक ब्रदर्स ने अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए रायपुर को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता की दूसरी फाइनलिस्ट टीम बनी, टेक्निकल टेबल पर डॉ. एम.टी. भद्र ने अपनी सेवा दी तथा मैच के रेफरी मयूर हथेल व कृष्टोफर फ्रैंक्शा रहे।

## कल लखोली में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन होंगे विविध कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। लखोली दुर्गा चौक वार्ड क्रमांक 35 और 36 में कल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन हनुमान मंदिर में विविध कार्यक्रम होंगे।

सर्वप्रथम लखोली दुर्गा चौक हनुमान मंदिर में प्रातः 10 बजे हवन, 1 बजे भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी। शोभा यात्रा दुर्गा चौक हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर शीतला मंदिर से कुआं चौक, संतोषी नगर, लखोली गौठान, संजय नगर व दुर्गा चौक में समापन होंगे। 6 बजे दुर्गा चौक स्थित हनुमान जी मंदिर में प्रसादी वितरण किया जायेगा और वही रात को 7 बजे भव्य आतिशबाजी की जायेगी। लखोली दुर्गा चौक हनुमान जी मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने वार्डवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202401090200035**

विषय:-ब-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-24
छुरियाकला प.ह.नं. 00020 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार -अशोक कुमार
अनावेदक पक्षकार- शुभम अग्रवाल

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार अग्रवाल पिता रामनारायण निवासी ग्राम वार्ड नं. 08 छुरिया तहसील-छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 651 में दर्ज खसरा नं. (रकबा) 138/1 (0.0890 हे.). 138/3 (0.0890 हे.), 141/2 (0.0970 हे.) अनावेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है. खसरा नं. 138/1 का टुकड़ा रकबा 0.020 हे, खसरा नं. 138/3 का टुकड़ा रकबा 0.024 हे. व खसरा नं. 141/2 का टुकड़ा रकबा 0.016 हे. को आवेदक द्वारा अनावेदक से दिनांक 25.01.2023 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा दिनांक 25.01-2023 की छायाप्रति पेश किया गया है.

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि **22.01.2024** को स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आापत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **08/01/2024** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, छुरिया**

# भगवान श्रीराम के शुभागमन की प्रतीक्षा में राममय हुआ राजनांदगांव जिला

**कहीं दिया खरीदते लोग, तो कहीं प्रभात फेरी, कहीं मंदिर एवं देवालयों में घंटियों एवं प्रार्थना की मंगल ध्वनि, संस्कारधानी में रामोत्सव को दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा**






भगवान श्रीराम के शुभागमन की प्रतीक्षा में राममय हुआ राजनांदगांव जिला 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए जनसामान्य में अभूतपूर्व उल्लास एवं आनंद है। श्रीराम की कथा न केवल भारत बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया देश-विदेश तक फैली हुई है। युग-युगांतर तक भारतीय संस्कृति में राम कथाएं पुष्पित पल्लवित होती आयी हैं। सहज, सरल एवं जीवंत जनमानस में रचे-बसे श्रीराम के जीवन की कथा में संयोग एवं वियोग की कथाएं हैं। पिता के वचन एवं माता की आज्ञा शिरोधार्य कर वन-वन भटकने वाले प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने पर जो हर्षोल्लास था, वैसे ही खुशी जिलेवासियों में दिखाई दे रही है। आस्था और भक्ति के भाव देख बरबस ही देश के प्रख्यात कवि पंडित रविद्रनाथ टैगोर की कालजयी कृति गीतांजलि की यह पंक्तियां याद आती है-

*प्रभु तेरी प्रतीक्षा में जागते आंखे थक गई*
*तुझसे भेंट नहीं हुई,*
*तब भी मैं तेरी राह देख रहा हुं*
*यह राह देखना भी मुझे प्रिय लगता है।*

देश भर में प्रभु श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के लिए ऐतिहासिक उत्साह है, ऐसे संयोग विरले ही होते हैं। शबरी के मीठे बेर खाने वाले श्रीराम, माता अहिल्या को पत्थर होने के श्राप से मुक्त करने वाले श्रीराम और उनकी गाथाएं अक्षुण्य है। विषम परिस्थितियों को स्वीकार करना और उनसे राह बनाना प्रेरक एवं मार्गदर्शक है और राम-भरत मिलाप, जटायु पर कृपा, रामसेतु निर्माण, जैसे अनगिनत प्रसंग है, जो पथ प्रदर्शक हैं। राम-रावण युद्ध के परिप्रेक्ष्य में सुप्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला कालजयी की कृति राम की शक्ति पूजा के स्वर गूंज उठते हैं-

## अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए जनसामान्य में अभूतपूर्व उल्लास एवं आनंद, जनमानस में रचे-बसे श्रीराम की जीवन की कथाएं प्रेरक एवं मार्गदर्शक

*रवि हुआ अस्त, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर*
*रह गया राम-रावण का अपराजेय समर*
*आज का तीक्ष्ण शर-विधृत-क्षिप्रकर, वेगप्रखर*
**शतशेलसम्वरणशील, नील नभगर्ज्जित स्वर**

प्रभु श्रीराम के शौर्य, शक्ति एवं साहस की ऐसी बानगी दूसरी नहीं है। राजनांदगांव शहर में चारों ओर उत्साह और खुशहाली है। ऐसा लग रहा है, जैसे हमारा शहर अयोध्या हो गया है। कहीं दिया खरीदते लोग, तो कहीं प्रभात फेरी, कहीं मंदिर एवं देवालयों में घंटियों एवं प्रार्थना की मंगल ध्वनि सुनाई दे रही है। नन्हे बच्चे प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान की वेशभूषा एवं परिधान में नजर आ रहे हैं। बच्चों के साथ बड़े-बुजुर्ग सभी इस उत्सव में शामिल हो रहे हैं। राकेश ठाकुर ने बताया कि जिले में दिग्विजय स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संस्कारधानीवासी विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एक साथ जुड़कर आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। प्रभु श्रीराम हमारे अराध्य हैं। उन्होंने वनवासी, पिछड़े वर्ग सभी वर्ग को साथ लेकर चलने कि जो प्रेरणा दी है, आज के समय में इसकी नितांत आवश्यकता है। प्रभु श्रीराम के आगमन पर दिग्विजय स्टेडियम में 5 लाख से अधिक दीये प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। संस्कारधानी में रामोत्सव को दीपोत्सव की तरह मनाया जाएगा। आम जनता की सहभागिता इसमें स्वमेव जुड़ते जा रही है। दीप प्रज्जवलन के माध्यम से प्रभु श्रीराम का सजीव चित्रण किया जाएगा एवं ओम की आकृति बनाई जाएगी। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक शामिल हो रहे हैं। दीपोत्सव के दौरान भव्य आतिशबाजी की जाएगी, जो आकर्षण का केन्द्र रहेगा। अनिल तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत विशेषकर आर्थिक दृष्टिकोण से जरूरतमंद लोगों को ध्यान में रखकर यह योजना प्रारंभ की है, जो बहुत अच्छी योजना है। 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी और शासन द्वारा हितग्राहियों के आने-जाने का खर्च वहन किया जाएगा। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हमारा शहर जैसे अयोध्या हो गया है..., दिग्विजय स्टेडियम में प्रज्जवलित होंगे 5 लाख से अधिक दीप

प्रभाकर महोबिया ने कहा कि इस अयोजन में देश के साधु, संत, महात्मा से लेकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित आम जनता शामिल हो रही है। मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या में श्री रामलला मंदिर जाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है। देश की संस्कृति को जाग्रत करने के लिए जो कार्य किया जा रहा है, इसकी उन्होंने प्रशंसा की। जलाराम मंदिर के पंडित मनोज शांतिलाल शुक्ला ने बताया कि यहां प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। शाम को भजन-कीर्तन किया जा रहा है। महिला मण्डली द्वारा प्रभु श्रीराम को हल्दी लगाने का कार्यक्रम रखा गया है। माता सीता के नाम से मेहंदी उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम का भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा उन्हें 56 भोग लगाकर अभिषेक किया जाएगा। महाआरती के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। शाम को दीपोत्सव एवं आतिशबाजी होगी तथा संगीत भी होगा। जैनम बैद ने घर-घर जाकर आमजनों को दीपोत्सव त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने आशा नगर क्षेत्र में दिया, बाती, तेल एवं मिठाई वितरित किया। श्याम निषाद ने बताया कि जयश्रीराम मंदिर में पोताई कर रहे हैं और यहां साफ-सफाई की जा रही है। जय जायसवाल अगरबत्ती का उपहार दे रहे हैं। धरमराज यादव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी अंतर्गत अयोध्या धाम जाने एवं प्रभु श्री रामलला दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना बहुत अच्छी है। जिसमें प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने का अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है, इसलिए छत्तीसगढ़वासी भगवान श्रीराम के प्रति विशेष स्नेह एवं लगाव रखते हैं। श्रीमती दीपा गुरू ने कहा कि महिला मण्डली सुबह प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। दीपावली की तरह चौक पूरना, रंगोली बनाना, दिया जलाना तथा प्रसाद बनाना है। श्रीमती अनुसुईया वर्मा ने कहा कि कहा कि हम सब घर-घर जाकर भगवान श्रीराम का गुणणान कर रहे हैं।

# अमेजन द्वारा श्रीराम अयोध्या प्रसाद के नाम पर लोगों से धोखा

**कैट ने पीयूष गोयल से इस धोखाधड़ी पर तुरंत कार्यवाही करने का आग्रह किया-अमर पारवानी**

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एक चौंकाने वाले वक्तव्य में कहा है कि अमेजन इंडिया द्वारा अपने ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम में मिठाई प्रसाद बेचा जा रहा है जो विशुद्ध रूप से देश के लोगों के साथ एक बडी धोखाधड़ी है और लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल को एक पत्र भेजकर इस धोखाधड़ी की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह सर्वविदित है कि अयोध्या धाम के श्री राम मंदिर से अभी कोई प्रसाद वितरित नहीं हो रहा है लेकिन अमेजन के ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एक विक्रेता के नाम से 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' खुलेआम बेचा जा रहा है। जिस प्रकार से विवरण लिखा गया है एक यह संदेश दे रहा है कि यह प्रसाद श्री राम मंदिर का ही है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सारा देश राम मय हो रहा है और लोग बेहद श्रद्धा भाव से श्री राम के काज में जुटे हैं, ऐसे में आमेजन द्वारा इस प्रकार का कृत्य बेहद ही नापाक है और एक बहुत बडी धोखाधडी है।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि कैट ने श्री गोयल से आग्रह किया है कि उपभोक्ता मंत्रालय की उपभोक्ता शिकायत और सुरक्षा अथॉरिटी (सीसीपीए) तुरंत इस ओर कार्यवाही करें और जब तक जाँच पूरी न हो जाये तब तक आमेजन के ई-मार्केटप्लेस को प्रतिबंधित किया जाये।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि अमेजन का इतिहास काला है और इस घटना से उसका असली चेहरा उजागर हो गया है। एक बेहद पूजनीय स्थान से जोड़कर जस तरह प्रसाद की बिक्री की जा रही है, उससे पता चलता है कि अमेजन की मानसिकता कितनी विकृत है और उन्हें जैसे देश के नियम एवं कानूनों से कोई सरोकार नहीं है। अमेजन नियम एवं कानूनों का उल्लंघन करने का आदी है तभी दुनिया के अनेक देशों में अमेजन के खिलाफ अनेक मुकदमे चल रहे हैं।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि कैट ने श्री गोयल से पुरजोर आग्रह किया है कि ई-कॉमर्स पालिसी एवं उपभोक्ता कानून के अंतर्गत नियमों को शीघ्र ही लागू किया जाये। जब तक यह लागू नहीं होंगे तब तक आमेजन जैसी विदेशी कंपनियाँ अपनी मनमानी करते हुए लोगों को ठगती रहेंगी और देश के छोटे व्यापारियों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ेगा।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल के बच्चों द्वारा राम मंदिर उत्सव के उपलक्ष्य में निकाली रैली

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग जयस्तंभ चौक के प्री.प्रायमरी एवं प्रायमरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा राम मंदिर उत्सव का शाला परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह बच्चों द्वारा स्कूल में हनुमान चालिसा के पाठ करने के पश्चात् रामजी की आरती पूजा की गई, तत्पश्चात रैली को आयोजन हुआ। उक्त रैली में नन्हें बच्चों ने रामजी, सीताजी, लक्ष्मणजी एवं हनुमान का वेशधारण किए हुए सभी बच्चों में उत्साह देखने को मिला।



उक्त अवसर पर रैली एनपीपीएस से राममंदिर, नया बस स्टैंड, शिव मंदिर होते हुए बच्चों ने जय श्रीराम संबंधी नारे लगाते बड़े प्रसन्न एवं उत्साहित दिखे। बीच-बीच में कई जगहों पर धर्म प्रेमियों द्वारा इन बच्चों पर पुष्प वर्षा एवं पूजा अर्चना भी की गई। तत्पश्चात् रैली वापस स्कूल ग्राउण्ड में आकर समाप्त की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एनबी.ग्रुप ऑफ स्कूल के संचालक नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा रामजी, सीताजी, लक्ष्मणजी एवं हनुमान के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण, तिलक के साथ ही दीप प्रज्ज्वन कर किया गया। इस अवसर पर श्री बाजपेयी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में बच्चों को संबोधित करते हुए रामजी के नाम के महत्व एवं उनकी जीवनी का वर्णन करते हुए कहा कि रामजी मर्यादा पुरूषोत्तम इसलिए कहे जाते हैं कि, उन्होंने अपनी कुल की लाज ही नही वरन संपूर्ण समाज को अपना परिवार समझते हुए उनसे उदार व्यवहार किया। जिसमे भिलनी, केवट, पक्षी जटायु सहित अनेक जीवों पर उपकार किया। ऐसे अनेक उदाहरण देते हुए अंत में राम मंदिर निर्माण संबंधित बातों की व्याख्या की। उक्त अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दिक्षित, प्राचार्या श्रीमती इला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंग एवं स्नेहा तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में तीन माओवादी ढेर

बीजापुर। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 19 जनवरी को थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेड्रा के जंगलों में मददेढ़ एरिया कमेटी डीवीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुड्डू तेलम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। इस मुठभेड़ में मददेड़ एरिया कमेटी के सक्रिय माओवादी जिसमें 2 महिला माओवादी एवं 1 पुरूष माओवादी को मार गिराने मे पुलिस को सफलता मिली।

# मिक्सर मशीन चोरी करने वाले 5 आरोपी पकड़ाए

**चौबीस घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार**



राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस व साइबर टीम के संयुक्त कार्रवाई में ग्राम कलडबरी के पीएचई विभिग में लगे मिक्सचर मशीन की चोरी करने वाले पांच आरोपी को धर दबोचा गया है। बताया जाता है कि आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये मिक्सर मशीन एवं चोरी में प्रयुक्त महेन्द्रा ट्रैक्टर व दो मोटर सायकल को जब्त किया गया है। इन सब जब्त किए गए चीजों की कीमत करीबन 1,40,000 रूपये कुल जुमला 6,10,000 रूपये बताई जाती है।

पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मिक्शचर मशीन की चोरी करने वाले आरोपी का नाम प्रमोद वर्मा पिता स्व. फेरहा वर्मा उम्र 32 वर्ष,. शशांक राजपूत पिता यशवंत सिंह उम्र 24 वर्ष, कार्तिक कुमार वर्मा पिता स्व. कृष्णा राम वर्मा उम्र 24 वर्ष, राहुल कुमार वर्मा पिता मन्नू लाल वर्मा उम्र 21 वर्ष, व खूबचंद वर्मा पिता राधेलाल वर्मा उम्र 18 वर्ष 9 माह है। सभी आरोपियों को ग्राम लिटिया निवासी होना बताया जाता है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं सीएसपी अमित पटेल के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी एवं चौकी तुमडीबोड़ स्टॉफ द्वारा माल मशरूका व मुलजिम पता तलाश किया गया।

बताया गया कि 19 जनवरी को प्रार्थी मनोज कुमार टावरे द्वारा चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की वह ग्राम कन्हारडबरी में पी.एच.ई विभाग का पानी टंकी निर्माण के लिए मिक्सर मशीन लगाया था जिसे 18 एवं 19 जनवरी के दरमियानी रात्रि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना पर साइबर सेल एवं पुलिस चौकी तुमडीबोड की संयुक्त टीम द्वारा गवाहों एवं मुखबीरों से सूचना प्राप्त कर ग्राम लिटिया थाना लालबाग के पांच संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा ग्राम कन्हारडबरी से मिक्सर मशीन चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपियों से मेमोरण्डम कथन लेख किया गया एवं मेमोरण्डम कथन अनुसार आरोपियों के निशान देही पर चोरी किए गए एक नया मिक्सर मशीन कीमती 1,20,000 रुपए एवं चोरी में प्रयुक्त महेन्द्रा ट्रैक्टर कीमती करीबन 3,50,000 रुपए व दो मोटर सायकल कीमती करीब 1,40,000 रुपए कुल जुमला 6,10,000 रुपए जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## राम दरबार चौक में तेज रफ्तार कार ने युवक को किया एक्सीडेन्ट

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ मुरमुंदा निवासी 25 वर्षीय युवक को रामदरबार चौक एफसीआई गोदाम के नजदीक दुर्ग की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने एक्सीडेन्ट कर दिया। इससे मुरमुंदा निवासी बाइक सवार युवक सुखचैन पटेल बुरी तरह जख्मी हो गया। कोतवाली थाने में खबर लगने पर थाने के छोटे लाल सिपाही उसे लेकर मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पेंड्री उपचार के लिए ले गया। वहां उनका उपचार जारी है। बताया जाता है कि मुरमुंदा निवासी उक्त युवक अपनी बाईक से आ रहा था। इस दौरान रात में सवा 9 बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार उसे चपेट में लेकर एक्सीडेन्ट कर दिया व घटना के पश्चात फरार हो गया है। कोतवाली पुलिस कार के खोजबीन में लग गई है।

# कस्तूरबा में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा प्रसंग पर सुंदरकांड पाठ आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर की समाजसेवी महिलाओं में काफी प्रसन्नता बनी हुई है। समाजसेवी महिलाओं ने इस खुशी के तहत मंगलवार को कस्तुरबा भवन में एकत्रित हो सुंदर कांड का सस्वर पाठ किया वहीं वार्डों में घुम-घुम रामधुन गाते हुए प्रभात फेरी की।

**0 आज भव्य हनुमान चालीसा पाठ आयोजन**
**0 तीन दिवसीय आयोजन में उमड़ेगी समाजसेवी महिलाएं**

कस्तूरबा महिला मंडल की वरिष्ठ एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती शारदा तिवारी के आह्वान पर आयोजित सुंदर कांड पाठ आयोजन में शहर भर की समाज सेवी महिलाए व कलश यात्री महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और सुमधुर स्वरों में गोस्वामी तुलसीदास रचित सुंदर काण्ड का पाठ किया व रामधुन का गान करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री की जै-जै मनाई। बता दें कि कस्तूरबा महिला मंडल के नेतृत्व में समस्त समाजसेवी महिलाएं रोजाना सुबह से उठकर बसंतपुर के वार्ड नंबर 42 एवं 43 में रामधुन का गायन करते प्रभात फेरी कर रही है वहीं कलश यात्रा निकाल कर क्षेत्र में पूरा राममय माहौल बनाने के लिए भी जुटी हुई है। आज 21 जनवरी रविवार को समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी के भवानी नगर स्थित निवास स्थान में हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के माया शर्मा ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की खुशी में हनुमान चालीसा पाठ से लेकर श्री राम पूजन व भव्य दीप मालिका उत्सव के आयोजन किया गया है।

श्रीमती शर्मा सहित कस्तूरबा महिला मंडल की सचिव साधना तिवारी ने बताया कि 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्जवलन कर चारों ओर आलोकित किये जाने वाले इस अतः इस धर्ममय और श्री राममय आयोजन में महिलाओं को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# राजशेखर मेश्राम बने डिप्लोमा इंजीनियर्स एसो. के जिला अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की जिला समिति राजनांदगांव का गत दिवस 3 वर्षों के लिए जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिये चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त महामंत्री इंजीनियर एच.एल.साहू, उपप्रांताध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र गजभिए, इंजीनियर अमित खुरा, इंजीनियर ईश्वर डोनाडे आदि प्रांतीय पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में विभिन्न पदों के लिये आये इंजीनियरों ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर एक-एक नाम की चर्चा प्रारंभ हुई और उन नामों पर सभी ने अपनी सहमति जतायी। जिसमें सर्वसम्मति से मिलनसार इंजीनियर राजशेखर मेश्राम अध्यक्ष बनाए गए, वहीं इंजीनियर राजेश साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इंजीनियर लोकेश साहू को कोषाध्यक्ष घोषित किये गये। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

उपस्थित वरिष्ठ इंजीनियरों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन को बेहतरीन मिसाल बताते हुए सभी पदाधिकारियों व इंजीनियरों को बधाईयां दी।

# फिरोज अंसारी के आतिथ्य में ओलम्पिक क्वालीफायर का रोमांचक मैच

**विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ीयॉ संस्कृति की झलक**



राजनांदगांव (दावा)। हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी बतौर मुख्य अतिथि रांची (झारखण्ड) मे आयोजित ओलम्पिक क्वालीफायर 2024 में 19 जनवरी को इटली विरूद्ध न्यूजीलैंड के मध्य खेले गये रोमांचक मैच मे उपस्थित हुए। रांची के जयपाल सिंग मुंडा स्टेडियम में खेले जा रहे ओलम्पिक क्वालीफायर के मैच में हजारों की संख्या में खेलप्रेमी जनता की उपस्थिति में मैच हो रहा है।

दोनों ही टीमों के मध्य खेले गये रोमांचक मैच के पूर्व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष ने विदेशी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ीयॉ संस्कृति का परिचय देते हुए जय जोहार कहा और अपनी शुभकामनाएं दी। यह छत्तीसगढ़ के लिये बहुत गौरव का क्षण है। ओलम्पिक क्वालीफायर के इस मैच में न्यूजीलैंड ने इटली को 3-1 से पराजित किया। वंही कल खेले जर्मनी विरुद्ध यू.एस.ए के मध्य फाइनल मैच में दोनों ही टीमों के बीच रोमांचक मैच वैश्विक हॉकी के उत्थान का परिचायक है। दोनों ही टीमों के मध्य रोमांचक मैच दर्शकों को देखने को मिला। किन्तु जर्मनी ने यू.एस.ए. को 0 के मुकाबले 2 गोलों से पराजित करते हुए फाइनल खिताब पर कब्जा किया।

फाइनल मैच में मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अध्यक्षता खेलमंत्री हफिजूल हसन के साथ विशेष अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ मांझी, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह के साथ हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव फिरोज अंसारी शामिल हुए। श्री अंसारी ने प्रतियोगिता की टॉप स्कोरर विजेता टीम जर्मनी की खिलाड़ी सुश्री ज़म्मिरमैन सोनजा व फ़्लेशचुट्ज़ जेट को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। सफल आयोजन के लिये अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ एवं हॉकी इंडिया इसके लिये बधाई के पात्र है।

## अनमोल दावा

“ जो समय बचाते हैं, वे धन बचाते हैं और बचाया हुआ धन, कमाए हुए धन के बराबर होता है।

## नदियों में नाव डूबने की बार-बार घटनाओं के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उस तरह के हालात और कारणों से बचने के हर उपाय किए जाएं, ताकि वैसा दुबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि नदियों में यात्रियों सहित नाव डूबने की बार-बार घटनाओं और उसके कारणों के साफ होने के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं। गुजरात के वडोदरा में एक झील में नाव पलट जाने से बारह बच्चों और दो शिक्षकों की डूबने से मौत की घटना ने एक बार फिर यही दर्शाया है कि लापरवाही कायम है और निर्दोष लोगों की जान जा रही है।

वडोदरा के हरणी झील में एक स्कूल के छात्र अपने कुछ शिक्षकों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। जाहिर है, यह सैर-सपाटा और अच्छा वक्त बिताने के लिए आपस में खुशी बांटने का मौका था। मगर इस क्रम में कई स्तर पर जितनी बड़ी लापरवाही बरती गई, उसमें खुशी मनाने का वह मौका एक मातम में बदल गया। गहरे पानी में नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई, जिसमें बारह विद्यार्थी और दो शिक्षक डूब गए। जबकि किसी तरह अठारह छात्रों और दो शिक्षकों को बचा लिया गया।

सवाल है कि जिस नाव की कुल क्षमता महज सोलह लोगों की थी, उस पर करीब दोगुनी संख्या में लोगों को बिठा कर गहरे पानी में ले जाने की छूट किस आधार पर मिली हुई थी और इसकी अनदेखी कर ऐसा करने की इजाजत किसने दी थी! जबकि अगर नियम-कायदे के मुताबिक नाव झील में जा रही हो, तब भी हादसे का जोखिम लगातार बना रहता है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नाव में सवार कुल दस बच्चों को ही जीवनरक्षक जैकेट पहनाए गए थे। यह किस आधार पर मान लिया गया कि बाकी को इसकी जरूरत नहीं थी? ऐसी घटनाओं के बाद रस्मअदायगी में उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई आदि की घोषणा की जाती है, वह वडोदरा में हुए हादसे के बाद भी हुई। नाव संचालन से जुड़े एक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल अठारह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मगर अफसोस कि चौदह लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन की ओर से दर्शाई जा रही इस सक्रियता का आधा हिस्सा भी अगर अमल में रहता तो यह हादसा ही न होता।

इस तरह का यह कोई पहला हादसा नहीं है। विडंबना है कि किसी भी स्तर पर जोखिम का ध्यान रखना और उसी मुताबिक बचाव के इंतजाम करने को कोई दोयम दर्जे का काम माना जाता है। खबरों के मुताबिक, वडोदरा की झील में हुए हादसे के वक्त स्थानीय लोगों ने कई बच्चों को बचाया। नावों के संचालन को इजाजत देने वाले संबंधित महकमे और उसके अधिकारियों को यह सुनिश्चित कराना जरूरी क्यों नहीं लगा कि नाव पर सवार हर व्यक्ति को जीवनरक्षक जैकेट पहनाया जाए और हर हाल में नाव के साथ-साथ आसपास पर्याप्त संख्या में गोताखोर, बचावकर्मी मौजूद हों, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचा सकें।

दरअसल, नाव के डूबने के जो भी कारण सामने आए हैं, उससे साफ है कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है। इसमें न केवल नाव के संचालन से जुड़े लोग, बल्कि उसमें सवार होने वाली संख्या, सुरक्षा उपकरणों के अभाव, बचावकर्मियों की गैरमौजूदगी और जोखिम की आशंका जैसी स्थितियों की जानबूझ कर अनदेखी करने वाले वे अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं, जिनका दायित्व होता है कि नियमों पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित हो।

# मेरे रोम-रोम में बसने वाले राम, मैं तुझसे क्या मांगु राम नाम का हिस्टेरिया : जन भावनाएं अयोध्या की दिशा में



सम्पूर्ण भारत में ''राम नाम'' का हिस्टेरिया चल रहा है। कल 22 जनवरी को रामनाम का माहौल बनाने में हिन्दु संगठन सफल हुवे हैं। सुबह-सुबह भगवद्नाम की प्रभात फेरी देखने को मिल रही है। सरकार प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव दिखायेगी। शालाओं-दफ्तरों में 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। सोशल मीडिया में राम-राम की गूंज हो रही है।

दशरथ नंदन राम का जन्म त्रेता युग में हुआ था। उसके बाद, राम का भगवान श्री राम में किस प्रकार रूपान्तर हुआ, यह सर्व विदीत है। प्राय, सभी ने टी.वी. में रामायण सीरियल देखा है। वर्तमान में फिर एक मरतबे जैसे ''श्री राम'' सदेह भूमि में अवतरित होने वाले हैं, उनके दर्शन करने श्रद्धालुओं की आंखे आतुर हैं। भगवान राम की प्रतिक्षा ''शबरी'' सदृश्य हो रही है। जन भावनांए उमड़ रही है। देश के कोने-कोने में राम भक्त फिर प्राण-प्रतिष्ठा को भव्य बनाने ''दीवाली'' सदृश्य रौशनी, पटाखों के धुमधड़ाकों, कलश यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। सभी के मुख पर अयोध्या और भगवान श्री राम का नाम है। यह भी हर कोई जानता है श्री राम के परम भक्त-सेवक हनुमान बनने के लिए युवा अधीर हैं। भगवान राम का जय-जयकार, उदघोष देश को राममय बना दे है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। भगवान श्री राम सभी के इष्ट और प्रिय होने से देश के प्रायः सभी गांवों में छोटे-बड़े रूप में श्री हनुमान जी का मंदिर है। 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद धार्मिक पर्यटन स्थल विश्व विख्यात हो जाएगा।

हम सभी के अंतरात्मा में विराजमान आत्म-राम की मुलाकात करेंगे। हृदय में उनकी झांकी के दर्शन करेंगे। क्यों कि ''राम'' शब्द हमारे जीवन में घुलमिल गया है। जिस घर में बड़ा बेटा होता है, वहां उनकी माता उदाहरण देती है- मेरा बेटा तो राम के जैसा है। जिस घर में चार बेटे हों, वहां उनकी माता कहती है कि हमारे बेटे तो राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुध्न जैसे हैं। कोई व्यक्ति सज्जन हो, सत्य-प्रेम और करूणा का झरना फूटता हो, तब हम उसे श्री राम की उपमा देकर याने ''राम'' जैसा है, कहकर नवाजते हैं।

हमारे यहां प्रायः अनेक प्रसंग राम के नाम से जुड़े हैं। आ-राम ''याने शांति से बैठते हैं। तब महसूस करते हैं। अच्छा मित्र हो तो उसे ''सखा-राम'', अच्छा राजा हो तो ''राजाराम'', जो अपने में ही रचा पचा रहता है, उसे ''आत्माराम'' कहते हैं। एक पत्नीपुत्र वाले पुरूष को ''सीताराम'' कहते हैं। ईश्वर भी जिनके पैर पूजे, उसे ''तुकाराम'' कहते हैं। अन्याय-अधर्म के सामने शस्त्र उठाने वाले को ''परशुराम'' कहते हैं जो भगवान श्री राम का दास होता है, उसे ''रामदास'' कहते हैं। सेवा की प्रवत्ति वाले व्यक्ति को ''सेवक राम'' कहते हैं। अंत में जब अंतिम विदाई शवयात्रा के समय होती है तब ''राम नाम सत्य है'', ''राम बोलो राम'' बोलते हैं। हम राम के नाम जाएं, उसके पहले एक सच्चे राम भक्त के रूप में हमारा कर्तव्य है कि सबसे पहले भगवान श्री राम की प्रतिष्ठा अवसर श्री राम को हृदयांगम करें, आत्मसात करें। ऐसा होता है तो ''मानवता'' की दिशा की ओर बढ़ेगे। सही मायने में मानव अस्तित्व की झंझोरना ही ''राममय'' होना है।

देश में साल में एक मरतबे ''रामनवमी'' भगवान श्री राम के जन्म दिवस पर श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। ''राम'' का प्रत्येक रूप एक आदर्श स्वरूप है, मर्यादा पुरूषोत्तम का है। राम पुत्र के रूप में, भाई के रूप में, तपस्वी के रूप में, राजा के रूप में, योद्धा के रूप में, तपस्वी के रूप में, याने कि तमाम रूपों में विशिष्ट पहिचान है। उन्होंने जीवों को अमर्यादित आचरण करने से बचने की शिक्षा दी है। वेदों, शास्त्रों -पुराणों का ज्ञान होनें के बावजुद महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में उन्होंने सामान्य विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण की।

राम तत्व का अनुभव करने स्व. लता मंगेशकर का गाया एक फिल्मी भजन को आत्मसात करें-

''मेरे रोम रोम में बसने वाले राम, जगत के स्वामी के हे अंतर्यामी, मैं तुझसे क्या मांगु-

**-जय श्री राम**

### विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 44: तप करने वालों का कोई स्थाई घर नहीं होता



**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण की ओर संकेत करते हुए उस तपस्वी से कहा, ''जो स्वयं शुभ और मंगल होते हैं तो उनके साथ कोई अमंगल कैसे होगा साधक!''

वह तपस्वी उन दोनों धनुर्धारी कुमारों को देखकर स्वयं भी आश्चर्य में था। जब विश्वामित्र जी ने संक्षेप में उन दोनों का परिचय दिया तो वे प्रसन्न हो गए। दोनों भाइयों ने उन्हें प्रणाम किया।

गुरु विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण से कहा, ''यही मेरा आश्रम है राम- लक्ष्मण! इसे सिद्धाश्रम कहते हैं। वर्तमान में मैं यही निवास करता हूं। यह आश्रम उन सभी लोगों का है जो मन में सात्विक भाव रखते हैं, जिनका आचरण तप और त्याग से युक्त होता है। यह आश्रम तुम्हारा भी है।''

राम ने कहा, ''तो यह है आपका आश्रम गुरुदेव! यह हमारा सौभाग्य है कि हमें कुछ दिन आपकी इस श्रेष्ठ तपोभूमि में रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुझे यह जानकर और भी प्रसन्नता हुई कि आप स्वयं को इस आश्रम का अधिपति नहीं मानते हैं। आपकी दृष्टि में तपस्या और ज्ञान का यह श्रेष्ठ केंद्र सबका है।''

विश्वामित्र जी ने समझाया, ''तुम सही कह रहे हो राम क्योंकि तपस्वियों को स्थान मोह भी नहीं होना चाहिए। एक ऋषि के लिए स्थाई घर कहां? जहां वह रह गया, तब तक के लिए वही उसका घर।''

लक्ष्मण जी ने उत्सुकतावश गुरु से पूछा, ''गुरुदेव! तो जिस ताड़का वन में हमने कल रात्रि बिताई, वह भी आपका घर है।''

गुरु विश्वामित्र जी ने हंसते हुए कहा, ''अवश्य लक्ष्मण! साधु के लिए इस सृष्टि का कण-कण उसका अपना भी है और अधिकार भाव नहीं रखने के कारण वह उसका नहीं भी है।''

राम-लक्ष्मण जो राजप्रसाद में रहने वाले राजकुमार हैं, उनके लिए सादगी और निःस्पृह भाव रखने का यह सुंदर उदाहरण है। गुरु विश्वामित्र और दोनों कुमारों ने अब आश्रम में प्रवेश किया। थोड़ा आगे बढ़ने पर उन्हें एक खंडित अग्नि कुंड दिखाई दिया। पौधों और वृक्षों से शोभित रमणीक स्थल होने ने के बाद भी ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे इस आश्रम को कोई रह रहकर उजाड़ने की धृष्टता करता हो। वीर राजकुमारों ने समझ लिया कि यह, वह साधना क्षेत्र है, जहां यज्ञ की अवधि में उसकी रक्षा करने के लिए दोनों अयोध्या से यहां पहुंचे हैं।

राम और लक्ष्मण पर लंबी यात्रा की थकान नहीं है। उन्होंने तत्काल गुरु से कहा, ''जब भी आपकी इच्छा होगी, आप यज्ञ प्रारंभ कर सकते हैं गुरुदेव। हम हर क्षण इस क्षेत्र की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।''

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं।इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

### कविता

## राम लला



प्रतिदिन तिलक लगाऊंगा,
घर-घर अलख जगाऊंगा।
इतिहास नहीं दोहराए अब,
सनातन की जय घोष करूंगा।
जिनको नहीं है सुध, उनको
तिलक लगाऊंगा। स्नेह प्रेम
की भाषा से, सबका मन
बहलाऊंगा।



गजेन्द्र बख्शी
32 रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3, राज.

### कविता



## //राम राज्य//

स्वार्थ भरा जीवन क्या जीना, हँसकर समय बिताएँ।
नई उमंगे नये तराने, सीखें और सिखाएँ।।
छोड़ो कल की तुम बातों को, ये तो हुई पुरानी।
अब इतिहास रचें मिल करके, हो ये अमर कहानी।।
फूल खिले हर आँगन-गुलशन, मिले वक्त में रोटी।
मानवता को समझो सारे, रखो सोच मत छोटी।।
द्वेष भावना और अहिंसा, तज दो इनकी राहें।
धर्म सनातन दीप जलाकर, फैलाओं तुम बांहें।।
तप्त हृदय लेकर क्यों बैठे, जलते हैं अंगारे।
अपनेपन का मोल नहीं क्यों, हैं रिश्तों से हारे।।
करें माफ हम इक दूजे को, आओ गले लगाएँ।
मानव मन की इस बगिया को, मिल के हम महकाएँ।।
नहीं गांठ पड़ने तुम देना, चलना सीधी रेखा।
रक्त रगों में इक सा बहता, ना करना अनदेखा।।
हम चौरासी भोग लिए अब, मानव तन है पाया।
राम राज्य फिर से लाना है,
हमने स्वप्न सजाया।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला-गरियाबंद छत्तीसगढ़

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, इतिहास के झरोखे से...

**अजीत जैन**



राजनांदगांव (दावा)। सन् 1991 में रामशिला पूजन की शोभायात्रा उदयाचल गंज लाईन से निकली। रामशिला पूजन की शोभायात्रा रोकने के लिए शहर के अधिकांश मार्गों में बेरीकेटिंग, पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था, जिससे रामभक्तों में डर व दहशत का वातावरण निर्मित हो। पहला बेरीकेट्स तिरंगा चौक गंज लाईन में लगाया गया। उस वक्त शोभायात्रा में मात्र 40 से 50 युवकों ने पुलिस वालों से भारी झूमाझटकी, मारपीट, गाली गलौच कर बेरीकेट्स तोड़कर शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। प्रत्यक्षदर्शियों जनता में अपार उमंग, उत्साह व जोश को देख अचानक शोभायात्रा में 15 से 20 हजार रामभक्तों की भीड़ चंद घंटों में जुट गयी। इतनी बड़ी शोभायात्रा आज भी राजनांदगांव के इतिहास में दर्ज है। उस वक्त जिले के दमदार दबंग सांसद स्व. शिवेन्द्र बहादुर सिंह थे। व शहर थाना प्रभारी एस.एन. सिंग व सी.एस.पी. कैलाश अग्रवाल व सचिनदेव शुक्ला सब इंस्पैक्टर जो छुईखदान में पदस्थ थे इन सभी की ड्यूटी पुलिस बल के साथ शोभायात्रा में लगी। सचिन देव शुक्ला की रिपोर्ट पर जो छुईखदान में एस.आई. बाद में सी.एस.पी. व डी.एस.पी. होकर रिटायर हुए, राम भक्त आरोपियों ने शहर में वर्ग विशेष में दहशत, बलवा, शासकीय कार्य में बाधा, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी व स्वयं से भी मारपीट करने का झूठा आरोप के साथ संगीन धारा लगाकर तीन प्रकरण सी.जे.एम. कोर्ट में पेश किया जिसमें नामजद आरोपीगण थे-


1. अजीत जैन, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, शास. दिग्विजय महाविद्यालय
2. राजेश मारू, अध्यक्ष जिला शिव सेना
3. योगेश दत्त मिश्रा
4. देवेन्द्र मोहन लाला (देबू)
5. संजय अग्रवाल
6. अशोक यादव, भाटिया पेट्रोल पम्प का कर्मचारी
7. महेन्द्र कंवाड़
8. स्व. हेमूदादा (चाय वाले)
9. स्व. रम्मू गुप्ता, बसंतपुर

तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा व गृहमंत्री कैलाश चावला (म.प्र.) थे। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मेरे सहयोगी व प्रेरणास्त्रोत स्व. आर.पाशा खुशी अधिवक्ता (मुसलमान) ने जनहित में शीघ्र प्रकरण वापसी के प्रयास हेतु सलाह व आवेदन भी बनाकर दिया, उन्होंने कहा कि प्रकरण खत्म नहीं होगा तो भविष्य में किसी भी प्रकार की शांति भंग व त्यौहारों में सभी आरोपी को धर पकड़कर पुलिस प्रशासन जेल में डाल देगा। चंद दिनों के बाद गृहमंत्री कैलाश चावला (म.प्र. शासन) रायपुर से भोपाल जा रहे थे। मैं (अजीत जैन) व मेरे साथी योगेश दत्त मिश्रा ने ट्रेन में उनके साथ डोंगरगढ़ तक सफर कर जनहित में प्रकरण वापसी के अनुरोध किया। पश्चात् मात्र 15 दिन में प्रकरण जनहित में खत्म हो गया। उस वक्त सभी वरिष्ठ नामी नेताओं ने अपना नाम कटवा लिया व भविष्य में मेरे पिताजी ने मुझे अयोध्या कार सेवा में जाने से मना कर दिया।

उक्त प्रकरण को जिला न्यायालय की अभिलेख शाखा राजनांदगांव व शहर थाना के रिकार्ड से निकाला जा सकता है।

पूर्व महापौर गंज लाइन, राजनांदगांव (छ.ग.)
मोबा 94252-42508

## राशिफल




**मेष** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई शुभ समाचार मिलेगा जिसकी खुशी आप अपने दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। थोड़ी सी मेहनत करने से आप अपने कामों में सफलता जल्दी हासिल करेंगे। आज आपके मित्र आपको सरप्राइज पार्टी देंगे, जिससे मस्ती का माहौल बनेगा।




**वृषभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी मांगलिक कार्यक्रम में जाने का शुभ अवसर मिलेगा। जिसमें शामिल होकर आप बेहतर फील करेंगे। पिता जी आपके बिजनेस में आपकी हेल्प करेंगे, जिससे अधिक लाभ होगा। महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी, नई डिशेज बनाएंगी जिनका आनंद आपका पूरा परिवार उठाएगा।



**मिथुन** — आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज किसी नए व्यापार को शुरू करने से पहले उसके बारे में गंभीरता से जान लेना जरुरी है, किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है जिससे अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त की हेल्प से आपको कोई अच्छी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।



**कर्क** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल अच्छा रहेगा। अपना समय किसी खास व्यक्ति को देंगे जिससे आपकी खुशी बढ़ेगी। आपकी बेटी का सेलेक्शन आज सरकारी जॉब में होगा। जीवन में सफल होने के लिए आपको कठिन मेहनत करनी होगी।




**सिंह** — आज आप अपने दिन की शुरुआत बहुत ही उत्साह से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र अपनी पढ़ाई जारी रखेंगे, जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इस राशि के जो लोग प्लास्टिक का कारोबार कर रहे हैं उन व्यापारियों का काम अच्छा चलेगा, ज्यादा प्रॉफिट होगा।




**कन्या** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिलेगा, जिसको आप किसी जरूरी काम में लगाएंगे। प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता हैं, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आपके फैसले में आपके भाईयों का सहयोग मिलेगा।




**तुला** — आज आपका दिन मंगलकारी रहने वाला है। आज ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छा व्यवहार बना कर रखें जिससे आपको बॉस के द्वारा अच्छा बोनस मिलेगा। आज घर में नन्हे मेहमान के आने से खुशी का माहौल रहेगा। ऑफिस में जो लोग आपके विरोधी है, वो भी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होंगे।




**वृश्चिक** — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों की पदोन्नति के योग बन रहें है, सैलरी बढ़ेगी। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर से मिलेंगे, जिससे कुछ राहत मिलेगी। अपनी सही बात के लिए आपके परिवार का फुल सपोर्ट मिलेगा। आपका स्वास्थ्य आज ठीक रहेगा।




**धनु** — आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा, आप चीजों को बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, टेक्निकल क्षेत्र में कुछ नया अनुभव मिलेगा। जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।



**मकर** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। किसी कंपनी के शेयर खरीदने के लिए आप किसी एक्सपर्ट की सलाह ले सकते है। कोई पुरानी बात आपको पता चल सकती, जिसको लेकर आप सरप्राइस होंगे। आप कोई कीमती सामान खरीदेंगे, आपको अच्छा ऑफर भी मिल सकता है।



**कुंभ** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज प्रॉपर्टी डीलर्स से मुलाकात करेंगे, कोई बढ़िया डील फाइनल करेंगे। किसी प्रोजेक्ट में उलझे विद्यार्थी आज अपने डाउट क्लियर करेंगे। अपने परिवार के साथ बातचीत करें।



**मीन** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका व्यवहार विनम्र बना रहेगा, जिससे लोग आपसे इम्प्रेस्सेड होंगे। आज कोई भी कारोबार शुरू करने से पहले एक्सपर्ट्स की सलाह ले जिससे आपको उसके बारे में फुल इनफार्मेशन पता हो जाएगी, उसी के एकार्डिंग आप अपनी योजनाओ को बनायेंगे।

## सू- दोकू क्र.310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.309 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# सामाजिक समरसता की मिशाल बने मुस्लिम भाई

**डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम अछोली मोतीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम घूसेरा के मानस परिवार द्वारा आयोजित दो दिवसीय मानस प्रचार-प्रसार प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 21 जनवरी से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति में शामिल होकर ग्राम के मुस्लिम भाइयों ने धर्मनगरी की गरिमा अनुरूप आपसी भाईचारा को मजबूती प्रदान करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।**

क्षेत्रीय जनपद सदस्य व मानस समिति के संरक्षक रवि अग्रवाल ने कहा है कि ग्राम धुसेरा में आयोजित मानस सम्मेलन के आयोजन समिति में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे मुस्लिम भाईयों ने सामाजिक समरसता का बहुत ही बढ़िया उदाहरण पेश किया है। इससे धर्मनगरी में निवासरत धर्मप्रेमी भक्तों के मध्य आपसी भाईचारा को मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। आयोजन समिति में शामिल होकर सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम प्रमुख अब्दुल रऊफ खान समिति के कोषाध्यक्ष व कादर खान सचिव की महती जिम्मेदारी निभा रहे है।



**0 रामायण प्रतियोगिता के आयोजन समिति में शामिल होकर सक्रियता निभा रहे हैं मुस्लिम समाज के गणमान्य**
**0 ग्राम घूसेरा में दो दिवसीय मानस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 21 जनवरी से**
**0 दो दिवसीय कार्यक्रम के अतिथि होंगे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विधायक श्रीमती बघेल, रामजी भारती व जनप्रतिनिधिगण**

दो दिवसीय मानस सम्मेलन आज से प्रारंभ रविवार 21 जनवरी को सुबह 8 बजे कलश यात्रा, 12:00 बजे ग्राम घुसेरा में आयोजित दो दिवसीय मानस सम्मेलन का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा गौकरण वर्मा व विशिष्ट अतिथि बनाए गए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, राजू राजपूत, फिरंगी राम पटेल, ग्राम पटेल चंदेश्वर पटेल, ग्राम प्रमुखगण अब्दुल रऊफ खान, जगन्नाथ मंडावी, राम गुलाल सिन्हा, खोरबहारा साहू, बिहारी लाल पटेल तथा ग्रामीणजनों की उपस्थिति में किया जाएगा। 22 फरवरी को पूर्व सांसद व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व गणमान्यजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिन में 12:00 बजे रामलाल के नेतृत्व में ग्राम मानस परिवार सॉरी टोला के मानस परिवार अपनी प्रस्तुति देंगे। 2:15 बजे सरपंच कवल राम निर्मलकर के नेतृत्व में मानस परिवार मुसरा, 4:15 बजे श्रीमती मनीषा खोब्रागड़े के नेतृत्व में राम नाम के हीरा मोती महिला मानस परिवार राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुति दी जायेंगी। शाम 6:00 बजे आरती होगी। 7:15 बजे बस्तरिया मानस परिवार हैदर कोड़ा छुरिया की प्रस्तुति खिलावन साहू के नेतृत्व में दी जाएगी। मानस परिवार समिति घुसेरा के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिन्हा, उपाध्यक्ष उदय राम सिन्हा, सचिव कादर खान, कोषाध्यक्ष अ.रशीद खान, सदस्य गन पीतांबर सिन्हा, कौशल सेन, चंद्रशेखर पटेल, कीर्तन मांडवी, रमेश कवर, अनूप साहू, अशोक पटेल, अश्वनी पटेल, मनोज विश्वकर्मा, लीला दास साहू, कल्याण दास साहू, रूपेश सिन्हा, योगेश चंद्रवंशी, नरेंद्र मानिकपुरी, चंद्रेश बंजारे, दिनेश साहू, अमितेश सिन्हा, खिलावन कंवर, बृजेश सिन्हा, राजेश साहू, एस कुमार साहू, खुमान सिन्हा, हेमंत साहू, रामसुख, केशव चंद्रवंशी, उमेश कवर, सुमेंद्र सिन्हा, राहुल साहू, दुलरू, अनुज नेताम एवं ग्रामीण जनों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# राममय हुआ डोंगरगाव, प्रशासन भी आगे आया




डोंगरगांव(दावा)। पूरा देश इन दिनों राममय है, जिसमें डोंगरगांव नगर भी अछूता नहीं है, पूरा नगर को भगवामय कर दिया गया है और तोरण पताका, पोस्टर आदि शहर की गलियां अटी पड़ी है. इधर एक दिवस पूर्व बाइक रैली की तैयारियां जोरों पर है और सभी मंदिरों को सजाया जा रहा है। प्रशासन ने शांति समिति की बैठक नगर पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम ए.के. पुसाम, टीआई उपेंद्र शाह, नगर पंचायत सीएमओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व नगर के वरिष्ठजन व नवयुवक सम्मिलित हुए, जहां नगर में होने वाले विभिन्न आयोजनों के संबंध में चर्चा की गई। पूरे आयोजन को शांति और सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने की अपील की गई। शहर के सभी मंदिरों में 22 जनवरी को विभिन्न आयोजन होंगे। जिसमें पूजन से लेकर प्रसादी वितरण व भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जनभावनाओं से जुडा इस विशाल आयोजन को लेकर आहूत की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर के पार्षदगण एवं अध्यक्ष की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रहा।

**पार्षदगणों एवं अध्यक्ष की अनुपस्थिति चर्चा का विषय**

## पहला कॉलम...

### कल गुहा राज निषाद जयंती



खुज्जी(दावा)। छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज परिक्षेत्र खुज्जी एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कल 22 जनवरी को स्थानीय ग्राम में भक्त राज गुहा की जयंती को अयोध्या उत्सव के सांथ समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त आयोजन में खुज्जी परिक्षेत्र के निषाद समाज के लोग, जयंती में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला राजनांदगांव निषाद समाज के अध्यक्ष, द्रूपद मुन्ना निषाद होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता खुज्जी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष, गौतरिया निषाद करेंगे, विशेष अतिथि के रूप में टेकराम निषाद, पंच गइयां अध्यक्ष खुज्जी, हिंसा निषाद पांगरी, श्रवण निषाद आतरगांव, विदेश निषाद चांदो, दिनेश निषाद चारभांटा, गरीबा निषाद चंदिया, शुख सागर आयबांधा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में, उपस्थिति की अपील आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से की है।

### उल्लास में वातावरण में निकाली गई शोभायात्रा



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में श्रीराम जी के भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रमुख चौराहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के सभी भैय्या बहिन को कलश के साथ-साथ अपने हाथ में धनुष बाण लिए बहुत सुंदर लग रहे थे।

### आज मुजगहन में मड़ई मेला

हरदी (दावा)। ग्राम मुजगहन(जेवरतला) में आज 21 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मां के ममता छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम चिखली बांधाबाजार मोहला मानपुर वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम के कमल नारायण देशमुख व मिश्र कुमार सिन्हा ने दी।

### आज से सांगिनकछार में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ

आसरा (दावा)। अयोध्या में राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिनांक 21 व 22 जनवरी को ग्राम सांगिनकछार में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ एवं हवन पुजा उसके पश्चात् गांव में शोभायात्रा निकाला जाएगा, फिर 23 जनवरी को शाम को महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाये।

### सिरदार खपरी मंडई मेला 26 को

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम सिरदार खपरी में 26 जनवरी दिन शुक्रवार को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भंडारपुर डोंगरगढ़ वालों के द्वारा छत्तीसगढ़ी नाच नवा किरण की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी एवं राधा रानी ग्राम महिला संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 27 व 28 जनवरी को जस झांकी का आयोजन रखा गया है।

### करेला मंडई मेला 25 को

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम करेला में 25 जनवरी दिन गुरुवार को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। परसाही निवासी जो खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त किए छात्रों द्वारा रात्रि में लोक नाट्य संस्था अनगईहा सगा छत्तीसगढ़ी लोकनाचा गम्मत शैली में प्रस्तुति दी जाएगी। ग्राम करेला के सरपंच प्रतिनिधि देवलाल कंवर ने आधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

### आयुष योग वैलनेस सेंटर में पांच दिवस योग शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 22 जनवरी से 25 जनवरी तथा 27 जनवरी को शासन के आदेश अनुसार तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष योग वैलनेस सेंटर राजनांदगांव में पांच दिवस योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें विभिन्न प्रकार के बीमारियों को ठीक करने के लिए तथा स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग अभ्यास सिखाया जाएगा अतः समस्त नागरिकों को अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर योग का लाभ ले और अपना जीवन स्वस्थ बनाएं।

स्थान-आयुष योगा वेलनेस सेंटर आयुष पॉलीक्लिनिक पानी टंकी के बाजू दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में समय 6 से 8 बजे तक रहेगा।

# डोंगरगांव से भी कारसेवकों का दल अयोध्या के लिए हुआ था रवाना



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव नगर भी अयोध्या में बनने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर के कारसेवक का जत्था रवाना हुआ था। जिनकी याद करते हुए शशांक साहू जो कि वर्तमान में शिक्षक के रूप अपनी सेवा समाज को दे रहे हैं। उनके पिता दयाशंकर साहू भी कारसेवक में शामिल हुए थे। साथ ही बताया कि उनके पिताजी प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए थे। उन्होंने एक पुरानी तस्वीर दिखाते हुए यह जानकारी दी कि अयोध्या के विवादित ढांचे को ढहाने के लिए भिन्न-भिन्न स्थानों से कार सेवकों को एकत्रित कर भेजा जा रहा था। इसी क्रम में डोंगरगांव से भी कार सेवकों का एक दल भेजा गया था जिसे पुराने बस स्टैंड से हार माला पहनकर गुलाल से स्वागत कर बड़े ही हर्षोल्लास व जोश के साथ अयोध्या के लिए रवाना किया गया था। सभी कार सेवक अद्भुत उत्साह से भरे हुए थे, जय श्रीराम के जय घोष के साथ डोंगरगांव से उनको अयोध्या के लिए विदाई दी गई, बाद में विवादित ढांचे के ढहे जाने के बाद उनको गिरफ्तारी भी देनी पड़ी थी। पिता जी के साथ जाने वाले कार सेवक कृष्ण कुमार वैष्णव ने प्राप्त कर उन्होंने बताया कि श्रीराम कार सेवा का आह्वान विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया गया था। 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में कार सेवा में जाने वालों के जत्थे अयोध्या के लिए कुच कर रहे थे। 22 अक्टूबर 1990 को दुर्ग से सारनाथ एक्सप्रेस से कार सेवकों को रवाना किया गया। जिसमें सामान्य यात्री कम और कार सेवक ही ज्यादा दिखाई दे रहे थे। कार सेवकों को यात्रा के दौरान कटनी में ही रोक दिया गया। मध्य प्रदेश सरकार से उच्च स्तरीय वार्तालाप के बाद मध्य प्रदेश राज्य परिवहन की बसों से कार सेवकों को चित्रकूट तक पहुंचा दिया गया। यू.पी. प्रवेश करने पर ही सभी कार सेवकों को गिरफ्तार कर लिया गया और अस्थाई जिलों में डालना प्रारंभ कर दिया गया। संख्या अधिक होने की स्थिति में बांदा जिले के जंगलों में उन्हें छोड़ना प्रारंभ किया गया। जंगलों में पड़ने वाले गांवों में कुछ मदद मिल जाती थी परंतु वह भी शासन प्रशासन के डर से खुलकर सहयोग नहीं कर पा रहे थे। जिस वजह से चना गुड़ के सहारे उन्हें जंगल की यात्रा पूरी करनी पड़ी थी। 30 अक्टूबर 1990 को कार सेवा संपन्न हुआ, अयोध्या नहीं पहुंच पाने वाले कार सेवकों में निराशा व्याप्त थी। सन 1992 में पुनः उनमें उत्साह व जोश का संचार हुआ उन्हें पुनः कार सेवकों के रूप में आह्वान किया गया जिससे वे अत्यंत प्रफुल्लित हुए। आखिर 6 दिसंबर 1992 का दिन आया जब बाबरी ढांचे को गिरा दिया गया वह टूट कर ढह गया। केंद्र में बैठी कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व व वर्तमान के कार सेवकों को गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिससे गिरफ्तारी का दौर प्रारंभ हो गया। डोंगरगांव से स्व. दयाशंकर साहू व कृष्ण कुमार वैष्णव को भी गिरफ्तार किया गया। जिन पर विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 1960 (10) आरोपित किया गया। चार छः माह पेशी के उपरांत उन्हें बाइज्जत बरी कर केस खारिज कर दिया गया। डोंगरगांव के कार सेवकों के दल में मुख्यरूप से स्व. फत्तेलाल साहू करियाटोला, स्व. राधेश्याम दास डोंगरगांव, घनाराम साहू मटिया, स्व. बालक दास भटगुना, बरसन सोनकर अर्जुनी, लक्ष्मण राम बगदई शामिल थे।

# जरूरतमंद लोगों को दिया गया हेलमेट पुलिस ने दी समझाइए



डोंगरगांव(दावा)। लगातार हो रहा है सड़क दुर्घटनाओं और हेलमेट नहीं पहनने से होने वाले नुकसान को लेकर 20 जनवरी शनिवार को डोंगरगांव पुलिस व शहर के लोक सेवा संचालक धर्मेंद्र साहू के द्वारा राहगीरों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई और पुलिस के द्वारा समझाइए गई। इस दौरान उपस्थित धर्मेंद्र ने बताया कि वे अक्सर अपने पिताजी को हेलमेट पहनने की बात करते थे, उसके साथ पूरे परिवार के द्वारा उन्हें हेलमेट पहनना कहा जाता था। लेकिन हेलमेट नहीं पहनने के चलते एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता स्व. पंचराम साहू की मृत्यु हो गई। उनकी दूसरी बरसी पर धर्मेंद्र के द्वारा जरूरतमंद लोगों को हेलमेट का वितरण किया गया और आग्रह किया कि जब भी वे बाइक, स्कूटी, इलेक्ट्रिक वाहन से निकले तो हेलमेट का उपयोग जरूर करें। इसके साथ ही डोंगरगांव नगर निरीक्षक उपेंद्र शाह ने भी लोगों को हेलमेट पहनने और सड़क पर सुरक्षित चलने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को खासकर हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को प्रीत कुमार मंडावी पदगुड़ा, पुनीतराम पटेल खैरीडीही, रामकुमार पटेल मटिया, हृदयराम साहू मटिया, डाकवर सोनकर अमलीडीह को हेलमेट का वितरण किया गया।

# नगर पंचायत छुईखदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

छुईखदान (दावा)। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज नगर पंचायत छुईखदान के शहीद गार्डन के सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल उपस्थित हुए। अतिथियों और अधिकारियों ने शिविर में आये हितग्राहियों से संवाद किया और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अधिकारियों को संकल्प यात्रा का हितलाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने निर्देश दिए। विक्रांत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरे राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करना और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है। इस सम्बन्ध में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीबी एवं सिकलसेल के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, केसीसी कार्ड, लैण्ड रिकार्ड को अपडेट किए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।



**0 हितग्राहियों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ**
**0 758 हितग्राहियों ने दिए आवेदन सबसे ज्यादा उज्जवला योजना में 200 आवेदन आए**
**0 शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित हुए विक्रांत सिंह**

### प्रधानमंत्री आवास से 118 आवेदन प्राप्त हुये

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत छुईखदान से प्रधानमंत्री आवास के लिए जो आवेदन प्राप्त हुये उसकी जांच कर स्वीकृति दी जावेगी प्रधानमंत्री फसल बीमा, दुर्घटना बीमा, किसान सम्मान निधि, जनधन, उज्ज्वला योजना सहित नवोदित मातृ वंदन योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित करते हुए, इसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए जनता को प्रेरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पार्तिका संजय महोबिया ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पंचायत छुईखदान के द्वारा आमजनों के हितकारी योजनाओं को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए नगर पंचायत प्रतिबद्ध है जिन्होंने आज आवेदन किया है उनके आवेदन पर जल्द ही कार्यवाही की जावेगी। श्रीमती पार्तिका संजय महोबिया ने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण करने पर कन्या स्कूल बालक स्कूल विवेकानंद संस्कार स्कूल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### जनप्रतिनिधि, अधिकारी, हितग्राही और नगरवासी रहें उपस्थित

इस अवसर प्रेम नारायण चंद्राकर, अरविन्द शर्मा, संजय महोबिया, राजकुमार जैन, ज्ञान सिंह यादव, भारत कुम्भकार, श्रीमती अनुभा जैन, कंचन कुम्भकार, राजलक्ष्मी पंसारी, किरण गुप्ता, आदित्य देव वैष्णव, प्रेम सिंह पाल उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल नारायण जंघेल, श्याम लाल वर्मा, श्रीमती सुनीता जैन, अश्वनी कुमार टंडन, प्रशांत वर्मा, मुकेश कुमार, पंकज चंद्राकर, भागी कुम्भकार सहित सभी संबन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मॉकड्रिल कर एनडीआरएफ व नगर सेनानी की टीम ने बताया बाढ़ में फंसे लोगों को कैसे बचाए

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन एवं एनडीआरएफ कमांडेंड ऑफिसर पवन जोशी के निर्देशन में बाढ़ के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने व बचाव को लेकर एनडीआरएफ व नगर सेनानी की टीम ने जिले के टेकापारकला तालाब में संयुक्त मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) किया। मॉक ड्रिल के दौरान संयुक्त कलेक्टर आभा तिवारी, नगर सेनानी अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। एनडीआरएफ एवं नगर सेनानी संयुक्त की टीम ने इसमें विभिन्न आपदाओं के दौरान फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए डेमो दिया गया। मोटर बोट के साथ पहुंची टीम ने नाटकीय रचना से बाढ़ के दौरान लोगों के नदी में गिरने व फंसने, नालों के उफान से रास्ता बाधित होने पर सेवाएं पहुंचाने व नदी में लापता होने पर लोगो के ढूंढने की प्रकिया का हुबहू अभ्यास प्रदर्शन किया।

# बम्लेश्वरी मंदिर में हो रहा है राम लीला रास लीला का आकर्षक मंचन



डोंगरगढ़(दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा वृंदावन धाम के विश्वविख्यात परम श्रद्धेय भागवताचार्य एवं रामलीला व रासलीला के प्रसिद्ध रसाचार्य स्वामी रामजी महाराज के द्वारा 15 जनवरी से प्रतिदिन वृंदावन धाम के प्रसिद्ध पात्रों के साथ धार्मिक भावनात्मक संगीतमयी भव्य आयोजन किया जा रहा है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के भक्त बड़ी संख्या में इन आयोजनों में शामिल होकर लाभ उठा रहे हैं।

मकरसंक्रांति पर्व से मंदिर परिसर में पूरा वातावरण भगवान श्रीराम व श्री कृष्ण भक्तिमय बना हुआ है। रामलीला व रासलीला के आकर्षक प्रस्तुति को देखने बच्चे विशेष रूप से अपने परिजनों के साथ बड़ी संख्या में नीचे बम्लेश्वरी मंदिर स्थित पंडाल में पंहुच रहे हैं। 15 जनवरी से चल रहा यह आयोजन 22 जनवरी तक चलेगा। 20 जनवरी को भागवत कथा में ब्रज से मथुरा गमन कंश का उद्धार और भगवान श्री कृष्ण का मथुरा से द्वारकापुरी प्रस्थान की कथा रास लीला में माखन चोरी लीला और राम लीला में वन गमन राजा दशरथ मृत्यु भरत मिलाप पंचवटी में विश्राम का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। आज 21 जनवरी को भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के विवाह की कथा, यदु वंश का विनाश, दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की कथा कलयुग का वर्णन परीक्षित को प्रभु के दर्शन की और भगवान के विराट स्वरूप की कथा और रास लीला में मलहा लीला ब्रज की निकुंज लीला भगवान केंवट का रूप धारण कर सखियों को दर्शन देना राधा रानी का दर्शन का मंचन और राम लीला में माता सीता हरण बाली वध का मंचन किया जाएगा।

### 0 कल होंगे विविध आयोजन

22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का आनंद उत्सव नीचे बम्लेश्वरी मंदिर कथा स्थल में मनाया जाएगा। इस आयोजन में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्षद्वय अनिल गट्ठानी व संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष ट्रस्टी पीताम्बर स्वामी ट्रस्टी गण प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता अजय ठाकुर मैनेजर लक्ष्मी गुनी विशेष भूमिका निभा रहे हैं। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने समस्त धर्म प्रेमियों से निवेदन किया है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समस्त धार्मिक आयोजनों का लाभ प्राप्त करें।

**अति प्राचीन श्री हनुमान लला की मूर्ति सौ वर्ष बाद मूल स्वरूप में**

# संयोग:-अयोध्या में श्रीराम लला का बाल स्वरूप तो वहीं अम्बागढ़ चौकी में हनुमान लला की बाल स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर बजरंग चौक अम्बागढ़ चौकी का श्री महावीर मंदिर न्यास एवं नगरवासियों के द्वारा पुनर्निर्माण कराया गया है, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को है, यह संयोग ही है, की जिस समय अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी उसी समय अम्बागढ़ चौकी में श्रीहनुमान लला की भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, इस उत्सव को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह है।

आकर्षण के अंतर्गत श्री महावीर मंदिर न्यास के लोगों एवं नगर के बुजुर्गों ने बताया की श्री हनुमान जी की प्रतिमा लगभग 150 वर्ष प्राचीन है, व सौ वर्ष बाद प्रतिमा से चोला हटाया गया है, चोला हटाने के बाद श्री हनुमान जी अपने मूल स्वरूप में आये तब यह पता चला कि भगवान श्री हनुमान जी अपने बाल स्वरूप में है, इसके पूर्व किसी ने उन्हें उनके मूल स्वरूप में नही देखा था।

श्री हनुमान जी के मूल स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। जगतगुरु तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य की कृपा पात्र परम सेवक शिष्य पूर्णेन्दु तिवारी ने कहा कि अति प्राचीन विग्रह बाल हनुमान स्वरूप है जिनके दाये हाथ में शिवलिंग और बाये हाथ में लड्डू है ऐसे हनुमान जी का स्वरूप दुर्लभ है इसलिए हनुमान जी की इच्छा के फलस्वरूप जब अयोध्या में राम जी आ रहे है उसी काल में हमारे चौकी में बाल हनुमान की यह अति दिव्य लीला हो रही है जिसके दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी है। आज 21 जनवरी सुबह 11 बजे बजरंग चौक से प्रभु श्रीराम एवं श्रीहनुमंत लला की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण हेतु निकाली जाएगी, श्री महावीर मंदिर न्यास ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है, की अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल हो कर प्रभु श्रीराम एवं श्री हनुमंत लला का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# पहला कॉलम...

## रूसी सेना में नेपाली नागरिकों की भर्ती पर नेपाल को एतराज



काठमांडू। नेपाल की सरकार ने रूस से अनुरोध किया है कि वह नेपाली नागरिकों को अपनी सेना में शामिल नहीं करें। साथ ही नेपाल ने उनलोगों को वापस भेजने का आग्रह किया, जो पहले ही रूसी सेना में शामिल हो चुके हैं और यूक्रेन के खिलाफ लड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक करीब 200 नेपाली नागरिक रूसी सेना में शामिल हो चुके हैं। वहीं, 12 नेपाली नागिरकों ने रूसी सेना की तरफ से लड़ते हुए अपनी जान भी गंवाई हैं। युगांडा के कंपाला में चल रहे गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के दौरान नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने शुक्रवार रूस के उप विदेश मंत्री वर्शिनिन सर्गेई वासिलिविच से मुलाकात की। नेपाली विदेश मंत्री ने कहा, रूस की सेना में नेपाली नागरिकों की भर्ती न करें और जो पहले ही सेना में भर्ती हो चुके हैं, उन्हें वापस नेपाल भेजने में मदद करें।

## शेयर बाजारों में 22 जनवरी को अवकाश

मुंबई। शेयर बाजारों में 22 जनवरी को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी सेगमेंट में ट्रेडिंग अवकाश रहेगा। बीएसई ने 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के संबंध में महाराष्ट्र सामान्य प्रशासन विभाग की 19 जनवरी की अधिसूचना और निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1981 के तहत 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश के संबंध में आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया। बीएसई ने कहा कि वह इक्विटी, एसएलबी और इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में अपनी प्राथमिक साइट (पीआर) से शनिवार 20 जनवरी को नियमित समय के अनुसार नियमित ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेगा। पीआर साइट से डीआर साइट पर कोई इंट्रा-डे स्विचओवर नहीं होगा। इससे पहले, एक्सचेंजों ने शनिवार, 20 जनवरी को डीआर साइट पर इंट्राडे स्विच के साथ एक विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र की योजना बनाई थी।

## यूके प्लांट में ब्लास्ट फर्नेस बंद करेगी टाटा स्टील




लंदन। टाटा स्टील ने कहा कि वह इस साल के अंत तक ब्रिटेन में अपने संयंत्र में दो ब्लास्ट फर्नेस को बंद कर देगी, जिसके परिणामस्वरूप वेल्स में कंपनी के पोर्ट टैलबट संयंत्र में 2,800 लोगों की नौकरियां चली जाएंगी। कंपनी संयंत्र में कम कार्बन वाले इलेक्ट्रिक आर्क भट्टियाँ लगा रही है, जिसके लिए उसे सरकार से 50 करोड़ पाउंड की वित्तीय सहायता दी गई है। कंपनी ने कहा कि वह अपने यूके व्यवसाय को बदलने और पुनर्गठित करने की योजना के हिस्से के रूप में वैधानिक परामर्श शुरू करेगी। इस योजना का उद्देश्य एक दशक से अधिक के नुकसान को दूर करना और पारंपरिक ब्लास्ट फर्नेस से अधिक टिकाऊ, हरित इस्पात व्यवसाय में परिवर्तन करना है। टाटा स्टील ने एक बयान में शेयर बाजार को बताया, पोर्ट टैलबोट की दो उच्च-उत्सर्जन ब्लास्ट फर्नेस और कोक अवन चरणबद्ध तरीके से बंद हो जाएंगी। पहला ब्लास्ट फर्नेस 2024 के मध्य में बंद हो जाएगा और शेष 2024 की दूसरी छमाही के दौरान बंद हो जाएंगी।

## रिलायंस ने 22 जनवरी को किया छुट्टी का ऐलान




नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छुट्टी का ऐलान किया गया है। इस दौरान देशभर में मौजूद रिलायंस की दफ्तर पूरी तरह से बंद रहेंगे। सामाचार एजेंसी एएनआई की ओर से ये जानकारी दी गई। कंपनी द्वारा शुक्रवार को दिसंबर तिमाही के नतीजे का ऐलान किया गया था। रिलायंस ने दिसंबर तिमाही के नतीजों में 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,641 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। पिछले साल समान अवधि में 17,706 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 2.48 लाख करोड़ रुपये की आय दर्ज की है। इस दौरान कंपनी का EBITD में भी 17 प्रतिशत की बढ़त हुई है और यह 44,678 करोड़ रुपये रहा है। इसकी जगह शनिवार को कारोबारी सत्र रखा गया है। इस दिन आम दिनों की तरह बाजार में कारोबार होगा।

# टाटा फिर बना टाइटल स्पॉन्सर, अगले पांच साल के लिए अधिकार बरकरार




**राइट टू मैच कार्ड का किया इस्तेमाल**

मुंबई । टाटा ने आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के खिलाफ राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल किया और इस डील को फाइनल किया। इसका मतलब है कि आदित्य बिड़ला ग्रुप ने अधिकार जीतने के लिए जितनी राशि (2500 करोड़ रुपये) की बोली लगाई, टाटा ने राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया और उतनी राशि देने पर सहमत हो गए। भारत के सबसे बड़े व्यापारिक समूहों में से एक, टाटा समूह ने पहले आईपीएल टाइटल स्पॉन्सर के रूप में चीनी मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो को हटाया था। तब उन्होंने आईपीएल के साथ दो साल यानी 2022 से 2023 तक के लिए करार किया था।

वीवो के पास 2018-2022 तक आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सर अधिकार थे। इसके लिए उनका और आईपीएल के बीच करीब 2200 करोड़ रुपये का सौदा हुआ था, अंतिम वर्ष में एग्जिट वैल्यू 512 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। हालांकि, यह सौदा अंततः छह साल तक चला, क्योंकि इसे महामारी के दौरान एक साल के लिए रोक दिया गया था। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 2020 के गलवान घाटी सैन्य टकराव के बाद, ब्रांड ने ड्रीम 11 के साथ करार किया था और एक साल का ब्रेक लेकर स्पॉन्सर के अधिकार ड्रीम-11 को दे दिए थे।

हालांकि, वीवो 2021 में आईपीएल टाइटल प्रायोजक के रूप में वापस आ गया था। यह भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि वीवो कंपनी एक उपयुक्त कंपनी को अधिकार हस्तांतरित करना चाह रही थी और बीसीसीआई ने इस कदम को मंजूरी दे दी। टाटा समूह ने 2022 आईपीएल के दौरान कदम रखा और प्रति सीजन 365 करोड़ रुपये का योगदान करने पर सहमत हुए और बाकी वीवो को कवर करना था। इसके सफल होने के बाद बाद से टाटा इस लीग का टाइटल स्पॉन्सर है।

# अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या कम करेगा कनाडा

**भारतीय छात्रों पर पड़ेगा असर**

टोरंटो, आइएएनएस। कनाडा उच्च शिक्षा के लिए अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या कम करने की तैयारी में है। स्टडी वीजा में इसी वर्ष से कटौती होने की संभावना है। इसका अधिक असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा। कनाडा में 3,40,000 से अधिक भारतीय छात्र हैं। इस बीच, कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या दस लाख से अधिक हो गई है। कोविड-19 महामारी के बाद कनाडा ने 2023 में रिकॉर्ड 5,79,075 स्टडी वीजा जारी किए।

नतीजन अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या 2021 में 6,17,250 से बढ़कर दिसंबर 2023 तक दस लाख से ज्यादा हो गई। इस कारण देश में आवास की समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कनाडाई सरकार स्टडी वीजा में कटौती करने की योजना बना रही है। फिलहाल, कनाडाई प्रांतों में शैक्षणिक संस्थान किसी भी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने के लिए स्वतंत्र हैं।

हालांकि, संघीय सरकार अंतरराष्ट्रीय छात्रों को जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या तय करने और प्रत्येक प्रांत को एक निश्चित कोटा आवंटित करने की योजना बना रही है। हालांकि, इस वर्ष भारतीय छात्रों के लिए स्टडी वीजा में 80 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट आई है।

## पीसीबी चीफ जका अशरफ ने अपने पद से दिया इस्तीफा



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा हुआ है। विश्व कप 2023 के बाद से लगातार इस्तीफे हो रहे हैं। कप्तान और कोच के इस्तीफों के बाद अब पीसीबी चीफ जका अशरफ ने भी अपना पद छोड़ दिया है। पिछले 14 महीने में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के यह तीसरे अध्यक्ष ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। अशरफ ने नजम सेठी के रिजाइन के बाद पिछले साल यह पद संभाला था।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में उथल-पुथल का दौर जारी है। पीसीबी चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे जका अशरफ ने अपने पद से अचनाक इस्तीफा दे दिया है। अशरफ ने अपने इस्तीफे की वजह पाकिस्तान बोर्ड में बनाए गए खराब माहौल को दिया है। बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 में टीम के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में भूचल सा आया हुआ है।

टीम के कप्तान बाबर आजम ने सभी फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ने का एलान कर दिया था। वहीं, शुक्रवार को कोचिंग स्टाफ से मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न, और एंड्रयू पुटिक ने भी अपना पद छोड़ दिया था। पीसीबी के नए अध्यक्ष की जिम्मेदारी कौन संभालेगा इस बात का एलान अभी नहीं किया गया है।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 के बाद से बेहद शर्मनाक रहा है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी थी। शान मसूद की कप्तानी में टीम को 3-0 से हार का मुंह देखना पड़ा था।

## स्कूल के हॉस्टल में आग लगने से 13 लोगों की झुलस कर मौत

**स्कूल मालिक गिरफ्तार**

नई दिल्ली। चीन के हेनान प्रांत में एक प्राइमरी बोर्डिंग स्कूल के छात्रावास में आग लगने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई. चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार, यानशानपु गांव के स्थानीय लोगों ने शुक्रवार (19 जनवरी) रात 11 बजे यिंगकाई स्कूल में आग लगने की जानकारी दी.

शिन्हुआ के मुताबिक, बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर रात 11 बजकर 38 मिनट पर काबू पा लिया गया. हालांकि, फिलहाल ये साफ नहीं हो पाया है मरने वाले लोगों में कितने छात्र थे. इस घटना में एक शख्स घायल हो गया है और फिलहाल स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है. स्थानीय मीडिया की जानकारी के मुताबिक स्कूल के मालिक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है.

चीन के कई प्रांतों में आग की घटनाएं और इसी तरह के खतरे आम हैं, क्योंकि सबसे घनी आबादी वाले देशों में से एक होने के बावजूद सुरक्षा मानकों की कमी है. स्कूल में आग की घटना के बाद लोगों ने चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना गुस्सा जाहिर किया और किसी भी सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा की मांग की. समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक, चीन के एक शख्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह बहुत डरावना है, 13 परिवारों के 13 बच्चे, सभी एक पल में चले गए.

## न्यूजीलैंड ने आखिरी टी20 मैच के लिए किया स्क्वॉड में बदलाव

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए अपनी स्क्वॉड में बदलाव करते हुए डेरिल मिचेल को आराम देने का फैसला लिया है। उनकी जगह पर बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज रचिन रवींद्र को टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ खेली जा रही 5 मैचों की टी20 सीरीज के अब तक खेले चार मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को अपने नाम किया है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारियों को लेकर कीवी टीम के लिए ये सीरीज काफी बेहतर साबित हुई है, जिसमें टीम के गेंदबाजों के साथ बल्लेबाजों की तरफ से भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। इसी में एक नाम डेरिल मिचेल का भी शामिल है, जिन्होंने चार मैचों में बल्ले से शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए 52.67 के औसत से 158 रन बनाए हैं। मिचेल ने टीम को चौथे टी20 मैच में भी जिताने में अहम भूमिका अदा की थी वहीं अब उन्हें सीरीज के आखिरी मुकाबले के लिए टीम मैनेजमेंट की तरफ से आराम दिए जाने का फैसला लिया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड को इस टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला 21 जनवरी को क्राइस्टचर्च के मैदान पर खेलना है। डेरिल मिचेल इस मुकाबले में चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, कीवी टीम मैनेजमेंट ने मिचेल के वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है। मिचेल को लेकर कीवी टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने अपने बयान में कहा कि डेरिल हमारे लिए एक काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं क्योंकि वह तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं, ऐसे में हमें ये ध्यान रखना होगा कि वह बेहतर स्थिति में रहे।

# शोएब मलिक ने कर ली तीसरी शादी



नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से अलग होने की अफवाहों के बीच एक बार फिर से शादी कर ली है। उन्होंने इस बार लोकप्रिय पाकिस्तानी अभिनेता सना जावेद को अपना जीवनसाथी चुना है। शोएब ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी शादी की पुष्टि की और शादी की तस्वीरें भी साझा की। दोनों ने एक समारोह के दौरान निकाह पूरा किया।

पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल सना तलाकशुदा हैं। उन्होंने 2020 में उमैर जसवाल से निकाह किया था। हालांकि, जल्द ही दोनों अलग हो गए थे। बाद में अपने-अपने अकाउंट से इन दोनों ने एक-दूसरे की तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। फिर दोनों के बीच तलाक की बात सामने आई थी।28 साल की सना पाकिस्तान के कई टीवी शो में नजर आ चुकी हैं और अपनी एक अलग पहचान रखती हैं।

शोएब और सना के बीच डेटिंग की खबरें काफी पहले से सामने आ रही थीं। शोएब ने पिछले साल ही सना को उनके जन्मदिन पर बधाई देकर आग में घी डालने का काम किया था। शोएब ने इंस्टाग्राम पर सना के साथ अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था, हैप्पी बर्थडे बडी! अब शादी के बाद सना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में भी अपना नाम बदलकर सना शोएब मलिक कर लिया है।

सानिया ने गत बुधवार को एक क्रिप्टिक पोस्ट किया था। उहोंने लिखा था, शादी कठिन है, तलाक कठिन है, अपना कठिन चुनें। मोटापा कठिन है, फिट रहना कठिन है, अपना कठिन चुनें। कर्ज में डूबना कठिन है, आर्थिक रूप से ठीक रहना कठिन है, अपना कठिन चुनें। किसी से बात करना कठिन है, बात न करना कठिन है, अपना कठिन चुनें। जिंदगी कभी आसान नहीं होगी। यह हमेशा कठिन रहेगी, लेकिन हम अपना कठिन चुन सकते हैं।

# बीसीसीआई ने किया नई टीम का ऐलान, तिलक वर्मा को मिली इंग्लैंड ए के खिलाफ स्क्वॉड में एंट्री



नई दिल्ली। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के पहले दो टेस्ट के लिए बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया का चयन किया जा चुका है। वहीं साथ ही साथ भारत की ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन चार दिवसीय टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। इसके लिए बीसीसीआई द्वारा पहले अनऑफिशियल टेस्ट के बीच ही बचे हुए दो मैचों का स्क्वॉड जारी कर दिया गया है। इसमें तिलक वर्मा की एंट्री हुई है। हालांकि, तिलक मौजूदा समय में अपनी रणजी टीम हैदराबाद के लिए खेल रहे हैं।

तिलक वर्मा को मौजूदा रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद एंट्री मिली है। उन्होंने नागालैंड के खिलाफ मैच में शतक लगाया था। जबकि सिक्किम के खिलाफ मौजूदा मुकाबले की पहली पारी में वह 66 गेंदों पर 70 रन बनाकर नाबाद रहे हैं। वह हैदराबाद की टीम के कप्तान भी हैं। हाल ही में भारत की अफगानिस्तान सीरीज के लिए वह स्क्वॉड का हिस्सा थे और इसी कारण वह रणजी में मौजूद नहीं थे। लेकिन टीम के तीसरे मैच में वह नजर आ रहे हैं।

जबकि इस सीरीज में कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन ही करते दिखेंगे। इस सीरीज का पहला मुकाबला 17 से 20 जनवरी तक खेला जाएगा। वहीं अगले दो मुकाबले 24 से 27 जनवरी और 1 से 4 फरवरी तक खेले जाएंगे। पहले मैच का शनिवार को आखिरी दिन है जहां भारत को जीत के लिए 331 रनों की और दरकार है तो इंग्लैंड को बस 6 विकेट चाहिए हैं। तीसरे दिन के अंत तक भारत ए का स्कोर 4 विकेट पर 159 रन है।

***छत्तीसगढ़ विस का प्रबोधन सत्र ...***

'ज्यादा से ज्यादा विधानसभा में बैठने की आदत डालें'- लोकसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों से कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा विधानसभा में बैठने की आदत डालिए। इससे आपको पुराने सदस्यों के अनुभव और ज्ञान का लाभ मिलेगा, नये सदस्यों के विचारों को जानने का मौका मिलेगा। मेरा यह विचार है कि जो विधायक सदन में ज्यादा देर बैठता है, वह अच्छी तरह अपने विचार रख पाता है।

आप सभी टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, बेहतर विचार लाएं ताकि क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक काम हो सके। लोकतंत्र के सदन को हम यदि मंदिर मानते हैं तो इसकी गरिमा के अनुकूल आचरण करने की जरुरत है। पिछ? क्षेत्र के विधायको की जवाबदारी ज्यादा ब? जाती है, उन क्षेत्रों में विकास अच्छी तरह हो सके और जो विधायक ऐसे क्षेत्र के हैं , जो पिछ? नहीं हैं, उन क्षेत्रों में भी विशेष कार्य करने की जरूरत होती है। विधान मंडलों का उपयोग आपको करना चाहिए, इस छोटे राज्य में सारी सम्भावनाओं को समझकर देश और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हम कैसे राज्य को आगे ब?ा सके। हम सभी सदस्य मिलकर इस प्रदेश को भव्य और विकसित बनाने की पहल को साकार करें।

***असम की भूमि को कांग्रेस ने सालों ....***

यही असम मुख्य धारा में शामिल है और विकास की प्रक्रिया में मुख्य रूप से आगे बढ़ कर आ रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इस कार्यक्रम के दौरान कहा कि, एक समय में यह राज्य बंद से जाना जाता था। आज यह शांतिप्रिय और विकासशील प्रदेश है। यह नेतृत्व के अंतर के कारण हुआ है।

***जगदीप धनखड़ बोले....***

इन्होंने कुएं से पानी निकलता हुआ देखा है, खेत में बैल, घोड़े देखे हैं, कुछ उनसे भी सीख लो।

वैल्यू एडिशन का दौर- उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि अब आप सीखने लायक हो, देश के किसी भी शहर में चले जाइए। डेयरी का व्यवसाय वह व्यक्ति कर रहा है, जिसने आईआईटी, आईआईएम से पढ़ा है। इसी तरह सब्जी का व्यापार वह व्यक्ति कर रहा है, जिसने बहुत बड़ी सरकारी नौकरी छोड़ी है। वैल्यू एडिशन में बहुत कुछ हो रहा है। एग्रीकल्चर में असीम स्टार्टअप की संभावनाएं हैं। आज की व्यवस्था में पैसे की कोई कमी नहीं है। बड़े-बड़े उद्योग इसी मामले में आगे बढ़ रहे हैं।

हमारे चंद्रयान ने बता दिया कि कुछ भी समित नहीं- उन्होंने कहा कि पहले जाता था आकाश सीमित है लेकिन हमारे चंद्रयान ने बता दिया कि कुछ भी समित नहीं है। उन्होंने छात्रों को संसद में विजिट करके के लिए न्योता देते हुए कहा कि आपका स्वागत है। आप कुछ सीखने के लिए आएंगे तो वहां पर वर्कशॉप आयोजित किए जाएंगे। साइंस और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सीएम साय ने दी बधाई- मुख्यमंत्री साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, छात्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। विभिन्न फसलों की 160 से अधिक किस्में विकसित की गई हैं। 100 से अधिक उन्नत कृषि तकनीकों का भी विकास किया गया है। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधारोपण किया। उपराष्ट्पति ने कृषि स्टार्टअप, बायोटेक और कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से लगाए गए विभिन्न

## पेज 1 का शेष...

स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहे। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज शनिवार को सुबह में रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंद और सीएम विष्णुदेव साय ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा कृषि मंत्री रामविचार नेताम, रायपुर कमिशनर संजय अलंग और अन्य अधिकारियों ने उन्हें पुष्प भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

***लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व मंत्री ....***

दुर्ग में भाजपा नेता चंदूलाल साहू को प्रभारी, अवधेश चंदेल को संयोजक और प्रीतपाल बेलचदंन को सह संयोजक बनाया गया है। महासमुंद में विधायक मोतीलाल साहू को प्रभारी, भावना बोहरा को सह प्रभारी, शंकरलाल अग्रवाल को संयोजक, संतोष उपाध्याय को सह संयोजक बनाया गया है।

बस्तर की कमान महेश जैन के पास- वहीं लोकसभा क्षेत्र बस्तर में भाजपा नेता महेश जैन को प्रभारी, श्रीनिवास राव मद्दी को संयोजक और संजय पांडेय को सह संयोजक बनाया गया है। कांकेर में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बेटे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को प्रभारी, संतोष बाफना को सह प्रभारी, भरत मटियारा को संयोजक, यज्ञदत्त शर्मा और नीलकंठ टेकाम को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

***सीएम नीतीश का बड़ा एक्शन....***

सचिव व मंत्री के बीच अनबन की वजह से शिक्षा विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। शिक्षा मंत्री के रूप में चंद्रशेखर अपने विवादास्पद बयानों की वजह से लगातार चर्चा में आ गए। उन्होंने रामायण पर टिप्पणी की। इस पर काफी शोर हुआ। यहां तक कि तेजस्वी यादव को बयान देना पड़ा कि चंद्रशेखर अपने विभाग पर खुद को केंद्रित रखें। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के खिलाफ भी चंद्रशेखर का बयान खूब चर्चा में था। इस वजह से जदयू और राजद के रिश्ते पर भी विपक्ष द्वारा सवाल उठाया जाने लगा था। यह माना जा रहा था कि चंद्रशेखर को हटाया जा सकता है। मधेपुरा जिला के रहने वाले चंद्रशेखर पूर्व के महागठबंधन सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री थे।

***भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन...***

आरएसएस का मानना है कि हिन्दुस्तान पर एक भाषा और एक नेता के जरिये दिल्ली से शासन चलाया जाना चाहिए। लेकिन हम इससे असहमत हैं. असम पर शासन दिल्ली से नहीं, बल्कि असम से चलाया जाना चाहिए.''

***730 दिन में नक्सलियों को....***

केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा तय की गई समय सीमा के दायरे में ही नक्सलियों को खदेड़ दिया जाएगा। सुरक्षा बलों की रणनीति के मुताबिक, नक्सलियों को अपने प्रभाव वाला क्षेत्र छोड़कर सरेंडर करना पड़ेगा। अगर वे जंगल में और ज्यादा गहराई की तरफ जाते हैं तो उस स्थिति में उनका बचना नाममुकिन है। वजह, उनकी सप्लाई चेन पूरी तरह से कट जाएगी। देर सवेर, सुरक्षा बलों की टीम का वहां तक पहुंचना तय है। ऐसे में उनके पास, सरेंडर करने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है। चार दशकों में ऐसा पहली बार हुआ है जब नक्सली घटनाओं में सुरक्षा कर्मियों और सामान्य नागरिकों की मौत का आंकड़ा सौ से कम रहा है। मौजूदा समय में सुरक्षा बलों ने जिस रणनीति पर काम शुरू किया है, उसके अंतर्गत दो वर्ष में नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। साल 2019 के बाद नक्सलियों के प्रभाव वाले इलाकों में सुरक्षा बलों ने जो सेंध लगाई है, उससे नक्सलियों को वह क्षेत्र छोड़कर भागना पड़ा है।

सुरक्षा बलों ने अपने घेरे को मजबूत करते हुए नक्सल प्रभावित इलाकों में 195 नए कैंप स्थापित किए हैं। इस साल 44 नए कैंप स्थापित करने का लक्ष्य है। नक्सलियों से जुड़ी हिंसा में 52 फीसदी की गिरावट देखी गई है। मौत के मामलों में 69 फीसदी की कमी आई है, तो वहीं सुरक्षा बलों को होने वाली जान की हानि के मामलों में 72 फीसदी की कमी दर्ज हुई है। ऐसी घटनाओं में सामान्य लोगों के मारे जाने की संख्या में भी 68 फीसदी की कमी आई है। गत वर्ष नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले इलाके जैसे बिहार में बरमासिया, चक्राबंदा और झारखंड में बूढ़ा पहाड़ व पारसनाथ आदि क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं। 2023 में 33 नए कैंप स्थापित किए गए हैं। सीएपीएफ, स्टेट पुलिस और विशेष पुलिस बल की 11 ज्वाइंट टॉस्क फोर्स टीमें बनाई गई हैं। इस साल तीन नई ज्वाइंट टॉस्क फोर्स गठित की जाएंगी।

***विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत....***

सदस्यों को संसद के नए भवन को देखने हेतु आमंत्रित किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने इस मौके पर कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम के माध्यम से सदस्यों के कार्य,व्यवहार, दक्षता एवं प्रखरता में वृद्धि होगी।उन्होने कहा कि सभी सदस्यों को पक्ष-विपक्ष की भावना से ऊपर उठकर प्रदेश एवं जनता की खुशहाली के लिए सतत् प्रयास करते हुए जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। इसके पूर्व अपने स्वागत संबोधन में विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि नवनिर्वाचित सदस्यों को संसदीय विषयों की प्राथमिक जानकारी, संसदीय प्रक्रिया, संसदीय शिष्टाचार और संसदीय शब्दावली से परिचय कराना ही इस प्रबोधन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं,जिससे कि सदस्यों की, सभा की कार्यवाही में संसदीय परंपराओं नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप सहभागिता सुनिश्चित हो।

# पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



करीबन 150 सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने के बाद मिली सफलता

बालोद (दावा)। उक्त मामला बालोद जिले के थाना गुण्डरदेही क्षेत्र का है। दिनांक 15 जनवरी को सूचना मिली की पीड़िता के साथ सामुहिक दुष्कर्म हुआ है, इस आधार पर थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 363, 376, (2)(ए), 376 (डी), 294, 506, 323 भादवि कायम कर पुलिस विवेचना मे लगी रही।

प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव के द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के नेतृत्व में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्रीमती गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में 03 टीम गठित की गई। टीम के द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज को देखने पर आरोपी राहुल देवार व बबलु देवार कपडा दुकान पर कुछ सामान खरीदते हुये फुटेज में दिखे। फुटेज के आधार पर तस्दीक की गई तभी मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति बबलु देवार पुलिस को देखकर गिरफ्तारी के भय से बस स्टैण्ड गुण्डरदेही के एक होटल मे लुक-छिप रहा था। जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे थाना गुण्डरदेही लाकर पुछताछ करने पर राहुल देवार, विक्रम देवार के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किये। घटना के पश्चात आरोपी राहुल देवार, विक्रम देवार फरार हो जाने से आरोपियों के पता तलाश हेतु सायबर सेल बालोद से लगातार तकनीकी सहायता लिया गया, जिसमें संदेहियों की लोकेशन ग्राम चिल्हाटी जिला मानपुर मोहला प्राप्त होने पर, तत्काल चिल्हाटी पहुंचकर घेराबंदी किया की गई, जहॉ पर आरोपी राहुल देवार एवं विक्रम देवार पुलिस की उपस्थिति की सूचना पाकर घटना में प्रयुक्त स्कुटी को छोड़कर फरार हो गये।

राजनांदगांव से कवर्धा के बीच सीसीटीवी फुटेज एवं साईबर सेल बालोद से प्राप्त तकनीकी सहायता के आधार पर पता चला कि आरोपी विक्रम देवार कवर्धा में अपने एक रिश्तेदार के घर छुपा है। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नागपुर की ओर रवाना टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज को देखकर एवं साईबर सेल बालोद से प्राप्त तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी राहुल देवार का लोकेशन नागपुर महाराष्ट्र प्राप्त होने पर नागपुर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे थाना लाकर पुछताछ किया गया जिनके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर तीनो आरोपियों की पहचान कार्यवाही कराने के बाद गिरफ्तार का ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भानुप्रताप साव, उप निरीक्षक जोगेन्दर साहू, उप निरीक्षक मनीष शेण्डे, उप निरीक्षक इंदिरा वैष्णव, सहायक उपनिरीक्षक लता तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक डोमन साहू, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, प्रधान आरक्षक योगेश सिन्हा, आरक्षक राहुल मनहरे, पुरन देवांगन, संदीप यादव, आरक्षक दमन वर्मा, आरक्षक पुकेश साहू, आरक्षक आकाश सोनी, आरक्षक विपीन गुप्ता, आरक्षक मिथलेश यादव, महिला आरक्षक अर्णिका ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा।

# खेल मंत्री ने राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशीप का किया शुभारंभ



पेज 5 (19 जनवरी 2024- फोटो- टंकराम वर्मा)

बालोद (दावा)। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने के लिए दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ-साथ जोश और जुनून भी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि समाज के अन्य क्षेत्रों की भांति खेल के क्षेत्र में भी हमारे युवाओं के सामने उपलब्धि हासिल करने की असीम संभावनाएं है। मंत्री वर्मा आज सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में आयोजित 23वां राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशीप प्रतियोगिता के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। देवांगन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मोहन मण्डावी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, कबड्डी संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक चौधरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, श्री प्रमोद आदि उपस्थित थे।

# संत पंकज महाराज आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के साथ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सत्संग दौरे पर





डोंगरगांव (दावा)। संत पंकज महाराज, रा. अध्यक्ष जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा इस समय अपनी 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के साथ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सत्संग दौरे पर हैं। इसी क्रम में वह कल सायंकाल तहसील डोंगरगढ़ के रूदगांव पधारें। आज यहां सत्संग सभा में अपने सम्बोधन में कहा प्रेमी भाई-बहनों! हम आप परम सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे कलिकाल में हम लोगों को यह मनुष्य शरीर प्राप्त हुआ। उससे भी परम सौभाग्य की बात है कि मनुष्य शरीर रूपी मंदिर में बैठकर हम लोगों को सत्संग सुनने का अवसर मिल रहा है। जब जन्म जन्मान्तरों के शुभ पुण्य कर्म संचित होते हैं तब बड़े ही सौभाग्य से ऐसा दुर्लभ अवसर प्राप्त होता है। 'सत्संग जल जब कोई पावै, मैलाई सब कटि-कटि जावै।' यह सत्संग है, कोई कथा कीर्तन नहीं, किस्से और कहानियां नहीं, यह महात्माओं की अजर-अमर वाणियां है। यदि आपने ध्यान से सुन लिया तो निश्चय ही आपको मानव जीवन के उद्देश्यों के बारे में पता चलेगा कि आखिर मनुष्य शरीर हमें क्यों मिला है, क्या उसका उद्देश्य है और मरने के बाद हम कहां जायेंगे। इसीलिये वह मालिक अति दया, कृपा करके संतों महात्माओं को इस धरा धाम पर भेजते हैं। संत महात्मा, फकीर हम जीवों को समझाने की कोशिश करते हैं कि 'हम आये वहि देश से जहाँ तुम्हारो धाम, तुमको घर पहुंचवाना एक हमारो काम।'

उन्होंने आगे कहा मनुष्य की एक ही जाति है वह है मानव जाति। इसी मानव जामे में बैठकर हमें उस मालिक की भक्ति करनी है। अरे नर-नारियों! सुपच जाति के भंगी थे, रबिदास जी जाति के हरिजन थे, मीराबाई जाति की क्षत्राणी थी। अगर वे उस मालिक को प्राप्त कर सकते हैं तो आप भी उस मालिक को प्राप्त कर सकते हैं लेकिन बगैर महात्माओं, बगैर मुर्शिद के कोई भी जीव इस संसार रूपी समुद्र से न पार हुआ और ना ही कोई हो सकता है। यह समुद्र ऐसा है जिसके न इस किनारे का पता, न उस किनारे का पता, कोई नहीं जान सकता। दुनियां कब बनी, कितनी बार प्रलय और महाप्रलय हुई। लेकिन इतना जरूर मालूम है कि जिस दिन से यह दुनियां बनी हम लोग यहीं पर भटका खा रहे हैं। इससे बचने का केवल एक रास्ता है कि कलयुग में कलयुग की साधना, सुरत-शब्द योग (नाम योग) की साधना की जाये और इसका भेद सबसे पहले कबीरदास जी ने खोला। महात्माओं ने कहा है 'कलयुग तीन सार उन बरने और साधन सब थोथे जान।' वह हैं-पहला सुमिरन दूसरा ध्यान, तीसरा भजन। मानस में भी मिलता है कि 'उमा कहऊँ निज अनुभव अपना, सत हरि भजन जगत सब सपना।' इसलिये आप लोग घर गृहस्थी में रहकर, खेती, दुकान, दफ्तर, का काम मेहनत, ईमानदारी से करते हुये घण्टे, दो घण्टे इस साधना में जरूर दें। ताकि आपका मानव जीवन पाने का उद्देश्य सफल हो सके। पूज्य महाराज जी ने सुमिरन, ध्यान, भजन की युक्ति को भी विस्तार से समझाया।

वर्तमान में युवाओं के अन्धकार मय भविष्य को लेकर भी महाराज जी ने बड़ी चिन्ता जताई और कहा कि ये युवा पीढ़ी देश के भविष्य हैं, देश की धरोहर हैं। इनको डिग्री के साथ अच्छे संस्कार की भी जरूरत है। इसी के अभाव में घर बंट गया, खेती बंट गई, जर-जमीन बंट गई, अरे और कहां तक कहूं यहां तक कि मां, बाप भी बंट गये। कहते हैं कि 10 दिन तुम खिलाओ और दस दिन बाद हमारे पास छोड़ देना। संस्कार पड़ेंगे महात्माओं के सत्संग व उनके सत वचनों से। आप बच्चों को को भी सत्संग में लाया करें। उनको शाकाहारी बनाओ, उनको सदाचारी बनाओ। तभी संस्कार जगेगा। वे आप का और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी से शाकाहारी व नशों से मुक्त रहने की अपील किया। महाराज जी ने जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आगामी 24 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले होली सत्संग मेला में आने का निमंत्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहाँ बुराइयाँ चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है।

जिला इटावा में तहसील भरथना के गाँव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहाँ पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहाँ सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। आप सबने हमको अपना कीमती समय दिया इसके लिये आप सभी को बहुत-बहुत साधुवाद। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कमल सिंह पटेल, प्रभारी जसवन्त प्रसाद चौरसिया, आयोजक यशवन्त राय साहू, सरपंच रूदगांव टीकाराम सोनकर, आयोजन समिति के सदस्य गजेन्द्र कुमार साहू, उदेराम पटेल, कुमुदकान्त कौशिक, दानीराम साहू, हुमन पटेल, हरेन्द्र सोनकर, हेमशंकर पटेल आदि मौजूद रहे। सत्संग समापन के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल मैदान, ग्राम करहीबदर जिला-बालोद के लिये प्रस्थान कर गई। यहाँ आज दोपहर 12.00 बजे से सत्संग समारोह आयोजित है।

# डाक्ट्रेट मानद उपाधि से सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की पदमा साहू



खैरागढ़ (दावा)। फरीदाबाद, एनसीआर दिल्ली में मैंजिक बुक ऑफ आर्ट यूनिवर्सिटी, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था से श्रीमती पदमा साहू निवासी खैरागढ़ टोलागांव को शुक्रवार 12 जनवरी को राष्ट्रीय मानद उपाधि प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगान से प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की बेटी पदमा साहू, को इस मंच से मानद उपाधि अवार्ड उनके अनूठे साहित्य सेवा कार्य के लिए दिया गया। उनकी मुक्तासा, पद्मांजली प्रकाशित पुस्तक है। 'दिल कहता है, पावन माटी देश की राष्ट्रीय साझा संकलन उनके संपादकीय पुस्तक हैं'। उन्हें पूर्व में ही भारत को जाने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, संपूर्ण छत्तीसगढ़ दर्शन के लिए दो गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, छंदावली के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड अचीवमेंट प्राप्त हो चुका है। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. कोड्डी सेटठी, सुरेश बाबू फिल्म एंड टीवी एक्टर केएस9 न्यूज़ चैनल, डॉ.एस के रोहिल्ला प्रिंसिपल मेवात यूनिवर्सिटी, निर्मला देवी वाइस चेयरपर्सन मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं समाज सेविका, डॉ. सीपी यादव(सीईओ मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड) द्वारा सम्मान प्रदान किया गया।

निरामणी श्रीवास, शिव श्रीवास कसडोल छत्तीसगढ़ को भी डाक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ.सीपी यादव (सीईओ मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड) ने विभिन्न प्रांतों के लोगों की प्रतिभाओं को खोज कर उसे सम्मान और मंच देने की बात कही। हमें अपनी संस्कृति को सहेज कर रखना अनिवार्य है और इसके लिए साहित्य सृजन करना सराहनीय कार्य है। पदमा जी साहित्यिक क्षेत्र में अपना अनूठा कार्य कर रही हैं। उनके साथ-साथ एक प्रधान पाठक के रुप में नई दिशा और दशा के साथ प्राथमिक शाला संडी के बच्चों को विभिन्न अव्यवस्थाओं के बीच शिक्षा देने के साथ उन्हें अनुशासन और शिक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही हैं।

प्राथमिक शाला संडी के बच्चे और पालक शिक्षा का बेहतर माहौल पाकर बहुत खुश हैं। प्रिंट रिच, खेल कहानी, कविता, पहाड़ा आदि को जानकर बच्चे पढ़ने के प्रति रुचि जागृत कर रहे हैं इस तरह वह शिक्षा में भी अपना उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। सम्मान के इस गरिमामयी कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के लोगों को उनने विशेष कार्यो के लिए डाक्ट्रेट की मानद उपाधि दिया गया। इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की ही। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत से किया गया।

# विशेष अतिथि के रूप में निगम की दो स्वच्छता दीदी नामित

राजनांदगांव (दावा)। 20 जनवरी। भारत सरकार आवासन शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 2024 हेतु विशेष अतिथियों के रूप में महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। जिसके लिये शासन द्वारा नगर निगम राजनांदगांव से स्वच्छता दीदीयो में रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर से श्रीमती अनिता फ्रांसिस ध.प. आबेल फ्रांसिस एवं 18 एकड़ एस.एल.आर.एम. सेन्टर से श्रीमती वीणा टण्डन ध.प. दिनेश कुमार टंडन को चयनित किया गया है। आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि श्रीमती अनिता फ्रांसिस व श्रीमती वीणा टण्डन अपने दायित्वों का कुशलता एवं निष्ठापूर्वक निर्वाहन कर रहे है, जिसके आधार पर शासन द्वारा इनका चयन किया गया है।

# कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट प्रशिक्षण में शामिल



राजनांदगांव (दावा)। 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव के तत्वाधान में पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र सुरगी के एनसीसी अधिकारी एवं कैडेटो ने 05 जनवरी से 16 जनवरी तक का आर्मी अटैचमेंट कैंप का झाँसी (उ.प्र.) में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। यह शिविर 12 दिवस तक सैनिक छावनी क्षेत्र में आयोजित हुआ, जिसमें पहले दिन शुरुवात में ड्रिल परेड के साथ हुई एवं कैडेट छावनी में सेना द्वारा 12 दिवस तक कड़ी ट्रेनिंग लिए झाँसी के विभिन्न ऐतिहासिक जगहों जैसे झाँसी का किला, झाँसी का संग्रहालय आदि का भ्रमण कराया गया तथा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान हुए। ई.एम.ई. बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्ट. कर्नल चेतन द्वारा कैडेटो को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया गया एवं वर्तमान संचालित अग्निवीर योजना तहत सेना में होने वाली भर्ती की प्रक्रिया एवं योग्यता के बारे में विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया गया , सैनिक छावनी में बनने वाले एवं सीमा में युद्ध के दौरान प्रयोग होने वाले अत्याधुनिक टैंक, तोपों एवं हथियारों से कैडेटो को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. (श्रीमती) जया लक्ष्मी गांगुली एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण साथ ही 38 छग कमान अधिकारी लेफ्ट. कर्नल विवेक कुमार एवं समस्त स्टाफ ने कैम्प से सफलता पूर्वक वापसी पर एनसीसी अधिकारी लेफ्ट. डिकेश्वर निषाद एवं कैडेटों को बधाइयाँ प्रेषित किये।

# अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन 6 फरवरी तक



**ऑनलाईन परीक्षा 17 मार्च को**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय वायुसेना भर्ती द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों हेतु अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा 17 मार्च को आयोजित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले उम्मीदवार 6 फरवरी तक वायुसेना के वेबसाईट पर पंजीयन करा सकते है।

उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा बोर्ड, संस्था से गणित-भौतिक व अंग्रेजी विषय, त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण, अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट, 10+2 परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेमी. व महिला हेतु 152 सेमी., सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी. व महिला आवेदक हेतु समानुपात में होना चाहिए। वजन, ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होना चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को चार वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। इसमें प्रथम वर्ष 30 हजार रूपए एवं भत्ता की राशि देय होगी। चार वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाभ दिया जाएगा। अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के संबंध में नियम एवं अन्य विस्तृत जानकारी वायु सेना के वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in, दूरभाष क्रमांक 011-25694209, 25699606 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव व कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# गंडई से अयोध्या के लिए सायकल यात्रा रवाना हुई



गंडई-पंडरिया (दावा)। नगर से शुक्रवार को पंडरिया निवासी पवन यादव सुबह अयोध्या के लिए सायकल से प्रस्थान किया। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत माँ गंगई मंदिर से विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना से किये। पवन यादव ने अपनी यात्रा का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, सनातन धर्म व संस्कृति में आस्था का प्रचार- प्रसार बताया है। सायकल यात्री को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गंडई के स्वयंसेवकों, नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा तिलक लगाकर, हार पहनाकर मंगलमय यात्रा की बधाई दी गई। सायकल यात्रा को प्रस्थान करवाने वालों में जितेश गोयल, बलदाऊ सोनी, फलेश्वर यादव, ओमेश्वर साहू, पप्पू देवांगन, राकेश जायसवाल, साहेबलाल जंघेल, दिलेश्वर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग और प्रबंधन विभाग ने विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस अतिथि व्याख्यान में मुख्यवक्ता के रूप में ओम महोबिया सहायक प्राध्यापक, शासकीय शहिद वेंकटराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीजापुर से उपस्थित थे। उन्होंने अपने इस व्याख्यान के दौरान 'एसएमएसी (सामाजिक, मोबाइल, एनालिटिक्स, क्लाउड)' पर चर्चा की। उन्होंने बताया की एसएमएसी शब्द आईटी के उपभोक्ताकरण के प्रभाव का वर्णन करने के लिए 2011 या 2012 में गढ़ा गया था। एंटरप्राइज़ कंप्यूटिंग में एक-से-एक संचार और सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर शामिल थे जो परिसर में रहते थे। मोबाइल उपकरणों की शुरूआत और क्लाउड कंप्यूटिंग पर बढ़ती निर्भरता ने पारंपरिक कंप्यूटिंग मॉडल को उलट दिया। डिजिटल परिवर्तन चाहने वाले कई व्यवसायों के लिए एसएमएसी पहेली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, एसएमएसी ने एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जहां व्यवसाय डिजिटल दुनिया में परिवर्तन करते हुए व्यवसाय संचालन में सुधार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अपनी प्रस्तुति में एसएमएसी छात्र के अंतर्गत चार प्रौद्योगिकियों को इस प्रकार परिभाषित किया। इसमें व्यवसाय की सोशल मीडिया उपस्थिति शामिल है, जिसमें फेसबुक, ट्विटर, स्नैपचैट और अन्य प्लेटफार्मों के साथ इंटरफेस और शेड्यूल शामिल हैं।

मोबाइल- उन सभी स्मार्ट तकनीकों के लिए व्यापक नाम के रूप में कार्य करता है जो इंटरनेट तक पहुंचती हैं और फोन, टैबलेट और घड़ी सहित हाथ से पकड़ी जाती हैं।

एनालिटिक्स- बड़ी मात्रा में जानकारी से परिणाम और फीडबैक तैयार करता है। बड़े डेटा की हमारी दुनिया में, एनालिटिक्स ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए डेटा या सामाजिक आंकड़ों का विश्लेषण करके जानकारी के दायरे को समझने में मदद करता है।

क्लाउड- एक इंटरनेट प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। इस बिंदु पर, हम सभी क्लाउड से परिचित हैं, लेकिन परिभाषा के लिए, क्लाउड एक दर्शन है जो इंटरनेट को सूचना के स्रोत से अधिक बल्कि एक ऐसे मंच के रूप में देखता है जिसके साथ तेजी से डिजिटल ऐप्स और वेबसाइटें बनाई जा सकती हैं। साथ ही इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने भी विद्यार्थियों को एसएमएसी या सोशल, मोबिलिटी, एनालिटिक्स और क्लाउड, चार प्रौद्योगिकियां का प्रयोग करके वर्तमान में व्यावसायिक नवाचार को बढ़ावा देने और ग्राहकों के अनुभवों को सरल बनाने और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए क्लाउड प्रौद्योगिकियों और बिग डेटा द्वारा संचालित सामाजिक इंटरेक्शन, मोबाइल और एनालिटिक्स का उपयोग करने का प्रेरणा प्रदान की इस अतिथि व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।









# राममय हुई संस्कारधानी, राम की भक्ति में उमड़ा जनसैलाब

## अयोध्या के भव्य श्री राम मंदिर मॉडल सहित हनुमान जी की सीना चीर भक्ति रहा आकर्षण का केन्द्र.., जय-जय श्रीराम नारे से गुंजायमान रहा शहर

**राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री राम लला प्राण -प्रतिष्ठा समारोह का उल्लास जन-जन में खुलकर देखने को मिल रहा है। शहर में सनातन धर्मावलम्बियों की संस्था संगठनों द्वारा राम लला प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर एक से एक बढ़कर आयोजन किए जा रहे है।**

संस्कारधानी कही जाने वाली नगरी राजनांदगांव में भगवान श्री राम प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा, चरण पादुका यात्रा, बाईक रैली शोभायात्रा आदि की धूम बनी हुई है। शहर में शनिवार को श्री राम जन्म प्राण-प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा भव्य श्रीराम रथ यात्रा निकाली गई जिसमें जय-जय श्रीराम के नारों के साथ श्री राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा जिससे श्री राम रथ शोभायात्रा की शहर में धूम बनी रही।

### शोभायात्रा में उमड़े लोग

दोपहर ढाई-तीन बजे के करीब दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक से पूरे शानों शौकत से धूमधाम के साथ निकली श्रीराम रथ शोभायात्रा में सबसे प्रमुख आकर्षण अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर का मॉडल रहा। वही मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त महाबली हनुमान जी का छाती चीर कर अपने हृदय में दिखाए जा रहे भगवान श्रीराम-जानकी का मनोहारी दृश्य भी बना रहा। इसके अलावा भगवान श्री राम लक्ष्मण जानकी का बालरुप भी आकर्षण कि केंद्र बना रहा। श्री राम रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से

### श्री राम जन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा समिति के राम रथ शोभायात्रा की रही धूम

गुजरने पर धर्मप्रेमी जनो द्वारा इसकी पूजा-पाठ की गई। वहीं भगवा ध्वजा लहराते हुए जै-जै श्री राम का उच्चारण करते चल रहे शोभायात्रियों पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया। बता दे कि शहर के जिन मार्गो से श्रीराम रथ यात्रा गुजरी उन रास्तों को एक दिन पहले से भगवा ध्वज व तोरण पताका से सजा कर राममय कर दिया गया था। आज जब श्रीराम के धनुर्धारी आदम कद प्रतिमू के साथ रथ यात्रा वहां से गुजरी तो विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्था संगठनों द्वारा पूजा-पाठ व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया और शोभायात्रियों में स्वल्पाहार भी बांटे गए।

### जय श्रीराम के साथ धूमधाम से हुआ नगर भ्रमण

रथयात्रा में भारत बैण्ड पार्टी के श्री राममयी सुमधुर धुन के साथ भगवा रंग के परिधान व लाल सफेद दुपट्टे से सजी युवतियां झांझ करताल बजा कर श्रीराम रथ यात्रा में धर्ममय माहौल का सृजन कर रही थी वही भगवा साफा पहने जै श्री राम लिखे बड़े-बड़े भगवा ध्वज लहरा कर धर्मप्रेमी जन वातावरण में धार्मिक जोश एवं जज्बे का संचार कर रहे थे। श्री राम रथ शोभायात्रा का मानव मंदिर चौक सदर बाजार भारत माता चौक सहित शहर के अन्य मार्गो का भ्रमण करते समय शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिले के पूर्व सांसदद्वय अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, सुरेश एच. लाल, रामजी भारती, विष्णु साव, तथागत पांडे, राजेश डागा, दामू भूतड़ा, प्रकाश सांखला, न.नि. नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद सावन वर्मा, गगन आइच, शरद सिन्हा, राधेश्याम गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या पुरूष जनों सहित पारुल जैन, डॉ. रेखा मेश्राम, पूर्णिमा साहू, मधु बैद, संगीता शुक्ला, रेणु सूर्यवंशी, करूणा राजपूत, छाया तिवारी, विद्या दूबे, देव कुमारी आदि बड़ी तादाद के महिलाएं व युवतियां उपस्थित थी। श्री राम रथ यात्रा का नेतृत्व समिति के जिला संयोजक नीरज बाजपेयी, शहर संयोजक योगेश बागड़ी, ओमप्रकाश, अग्निहोत्री, राजेश गुप्ता अग्रहरि, संतोष खंडेलवाल, सह- संयोजक सुनील सेन, कमल सोनी, अंकित खंडेलवाल आदि द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद अरूण बजरंग दल के प्रशांत सोनी, अरूण गुप्ता, नन्दू साहू अनूप श्रीवास आदि समस्त बजरंगियों की उपस्थिति बनी रही।

# पूज्य सिंधी पंचायत के श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन में 5000 दीपों की बिखरेगी भव्य छटा

## सुबह प्रभात फेरी से लेकर पूजा आरती व भव्य आतिशबाजी, भजन संध्या सहित विविध आयोजनों की रहेगी धूम



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की खुशी सिंधी समाज के लोगों में बढ़-चढ़कर देखी जा रही है। सनातन धार्मिक परंपरा का पालन करने वाला सिंधी समाज आज 500 वर्षों के बाद प्रभु श्री राम के जन्म स्थान अयोध्या में भव्य मंदिर बनने पर हर्षित व गौरवान्वित अनुभव कर रहा है इसलिए 22 जनवरी को सिंधी कालोनी लालबाग में समाज द्वारा श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक मनाने के लिए दीपावली से भी बढ़कर भव्य तैयारी की जा रही हैं।

इस संबंध में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा शनिवार को हेमू कालानी चौक में एक प्रेसवार्ता कर बताया गया कि पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी, बक्शराम एवं अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी के मार्गदर्शन में समाज के धर्मप्रेमी लोगों द्वारा विगत एक सप्ताह से कलश यात्रा के साथ अक्षत वितरण स्वयं समाज के अध्यक्ष, वरिष्ठ सलाहकार द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है, इस अवसर पर आकर्षक सुमधुर भजन गाते हुए चल कर वातावरण को श्री राम मय बनाया जा रहा है।

### नयनभिराम सजावट की बिखरेगी छटा

आयोजित प्रेस वार्ता में पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य पंकज जेठानी एवं पवन गणसानी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर पूरी कॉलोनी में लाउडस्पीकर के माध्यम से तीन दिनों तक भजन चलाया जाएगा और प्रत्येक घरों को दीपावली की तरह सजाया जाएगा, रंगोली भी बनाई जाएगी एवं आतिशबाजी भी की जाएगी, साथ ही पूरी कॉलोनी को दुल्हन की तरह जगमग जगमग झालर से सजाया गया है। हेमू कॉलोनी उद्यान को भी आकर्षक सजावट देकर भव्यता प्रदान की गई है। सदस्य अवसर जुमनानी ने सभी समाज के लोगों से अपनी अपनी दुकान शाम को बंद कर कार्यक्रम में उपस्थित का आवाहन किया है।

### अयोध्या की महाआरती का होगा लाइव प्रसारण

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि 22 जनवरी को सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो पूरे कॉलोनी में भ्रमण करेगी। शाम 5:00 बजे को वैदिक परंपरा के अनुसार हनुमान मंदिर गली नंबर 4 के सामने पवित्र यज्ञ शुरू होगा, तत्पश्चात हेमू कालानी चौक में रात्रि 8:30 बजे स्थानीय गायकों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा और साथ ही भव्य स्टेज में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दिखाया जाएगा, इस अवसर पर 5000 दीपों के साथ प्रभु श्री राम की महाआरती आकर्षण का केंद्र रहेगा।

संस्था के महासचिव अमर लालवानी के अनुसार दिन भर चले इस गरिमामय कार्यक्रम का रात्रि 10 बजे समापन होगा, अंत में प्रसादी वितरण की जाएगी। इस दौरान आयोजन समिति के पंकज जेठानी, प्रकाश वाधवानी, हरीश मोटलानी, नितिन बत्रा, रोहित माखीजा, विजय पर्याणी, कमलेश वाधवा आदि उपस्थित थे।

# मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक तक दीप मालिका की बिखरी छटा




राजनांदगांव (दावा)। शहर में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का माहौल इस कदर बना हुआ है कि क्या बूढ़े क्या जवान महिलाए युवतियां सभी भगवान श्री राम के रंग में रंगी हुई नजर आती है। जहां देखो उधर भगवा ध्वज व भगवा रंग में रंग-बिरंगी रौशनियों का नजारा दिखाई पड़ता है।

एक मायनों में देखा जाए तो श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर को लेकर संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव अयोध्या धाम की तरह सजी-धजी नजर आती है। रोजाना इस शहर में श्री रामलला जी से संबंधित कोई न कोई गरिमामय, धर्ममय आयोजन हो ही रहे है। आज

### सैकड़ों दीप से जगमग हुआ हनुमान मंदिर पूजा-अर्चना से माहौल हुआ धर्ममय

शनिवार को सनातनी धर्म सेवा परिवार द्वारा मानव मंदिर चौक से लेकर जय स्तंभ चौक तक 50 हजार दीए से जगमग रौशनी का भगवान श्री राम लला-प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को गरिमामय रूप दिया गया।

### दीप मालिक से आलोकिक हुआ माहौल

सनातनी धर्म सेवा परिवार द्वारा आयोजित उक्त दीप मालिका उत्सव में सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर (शनैः) संतोष पटाक, राजेश डागा, शिव वर्मा, राकेश ठाकुर, पंकज गुप्ता आदि के संग दर्जनों हिन्दू धर्म अनुरागियों ने मानव मंदिर से जयस्तंभ चौक तक 50 हजार दीए जलाकर वातावरण को आलोकित किया जिससे यहां का दीपमालिका वाला नजरा देखते ही बनता था। दीप प्रज्जवलन से पूर्व सेवा परिवार समिति द्वारा भगवान श्री राम व मानव मंदिर चौक स्थित भगवान हनुमान का पूजा अर्चना की गई। इस दौरान मंदिर के सामने सैकड़ों दीयों से बनी जै श्री राम व धनुष बाण की आकृति देखते ही बनती है। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोगों का उपस्थिति रही।

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा का एल.ई.डी. स्क्रीन द्वारा शीतला मंदिर में सीधा प्रसारण एवं भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्यभर मे भव्य रूप से भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शहर के प्राचीनतम सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के तहत 22 जनवरी को सोनार पारा स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जाने के तहत अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जायेगा तथा दीप प्रज्जवलन व दीपदान किया जायेगा, इसके अलावा मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस पर मानस गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी जायेगी।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के अवसर पर शीतला माता मंदिर में आयोजित भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्धारित समय में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी, पत्रकार बंधुओं तथा अधिकारी कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।




# जनप्रतिनिधियों ने थामा झाडु, मंदिर परिसर में की सफाई



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में भगवान श्री राम की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व देश भर के मंदिरों में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

श्री राम लला के आगमन के पहले शहर के मंदिरों व पूजा स्थलों के आसपास स्वच्छ किया जा रहा है इसी तारतम्य में लगातार शहर के मंदिरों व धार्मिक स्थलों में साफ-सफाई का आज पांचवां दिन भी जारी रहा।

राजनांदगांव के वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर के पुरानी गंज मंडी स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर परिसर की साफ सफाई की श्री राम भक्तों ने पहले झाड़ू लगाया इसके बाद पानी से मंदिर परिसर को अच्छी तरह से धोया। मंदिर के सभी हिस्सों को धोकर साफ सुथरा किया गया।

### प्रधानमंत्री के आव्हान पर शहर के सभी मंदिरों में की जा रही साफ सफाई

सफाई अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, भरत वर्मा, नंदकिशोर भूतड़ा, शिव वर्मा, किशुन यदु, हकीम खान, पार्षद मधु बैद, राजेश जैन, आकाश चोपड़ा, दामु भूतड़ा, कमल सोनी, रघुवीर वाधवा, राजेश खांडेकर, जैनम बैद, राजेश गुप्ता अग्रहरी, रमेश सोनवानी, संतोष निर्मलकर, अनिल वाष्णेय, महेश अग्रवाल, सुरज खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्री राम भक्त शामिल रहे। स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक शिव वर्मा एवं मंडल संयोजक हकीम खान ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।
















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com